● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 284, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार , 01 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



ईव्हीएम पर कांग्रेस में ही कलह? 5



केन विलियमसन ने रचा इतिहास 6

## पीएम के नेतृत्व में एमपी की ताकत दोगुनी : डॉ. यादव

### यूके, जर्मनी से स्वदेश लौटे मुख्यमंत्री, दिल्ली में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जर्मनी यात्रा से वापस लौट आए हैं। दिल्ली में भाजपा नेताओं और कार्यक्रर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सभी का आभार जताया, साथ ही कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हम कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं।

इससे पहले सीएम यादव ने जर्मनी ने कहा कि मध्यप्रदेश स्किल्ड मैनेजमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न है। लैप समूह की मध्यप्रदेश में एक दशक से ज्यादा की उपस्थिति यह दर्शाती है कि प्रदेश की पहुंच देश ही नहीं दक्षिण एशिया के बाजारों तक है। समूह ने बैंगलुरू के बाद मध्यप्रदेश को अपना बेस बनाकर 100 करोड़ से अधिक का निवेश किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जर्मन निवेशकों को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी निवेश की संभावनाओं का विस्तार हुआ है। उनके विजनरी नेतृत्व में हमारी ताकत दोगुना हो जाती है।

बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव जर्मनी यात्रा के दौरान शुक्रवार को स्टटगार्ट में लैप ग्रुप के सीईओ मैथियास लैप और उनकी टीम के साथ फैक्ट्री का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न उद्योग समूहों के प्रबंधन को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया, जिनमें निवेशकों के लिए भरपूर संभावनाएं मौजूद हैं। सीएम यादव ने निवेशकों को भोपाल में प्रस्तावित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश से उद्योग के लिए नई संभवानाओं के द्वार खुलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत-जर्मनी के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए प्रसन्नता जताई कि लैप समूह ने बैंगलुरू के बाद मध्यप्रदेश को अपना फैक्ट्री बेस बनाया। उन्होंने लैप उद्योग समूह के सीईओ मैथियास लैप का इस बात के लिए आभार प्रकट किया कि उन्होंने 2012 से अब तक 100 करोड़ से अधिक का निवेश मध्यप्रदेश में किया है।

उल्लेखनीय है कि लैप ग्रुप औद्योगिक केबलिंग और कनेक्टिविटी समाधान में अग्रणी कंपनी है। इसकी स्थापना वर्ष 1959 में हुई थी। यहां अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्र हैं जो औद्योगिक केबलिंग और कनेक्टिविटी संबंधी उत्पादों का निर्माण करती है। यह संस्थान ऊर्जा, ऑटोमोटिव, मशीन निर्माण और औद्योगिक स्वचालन जैसे क्षेत्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले केबल, कनेक्टर्स और एसेसरीज का निर्माण भी करता है।

भारत में लैप ग्रुप की सहायक कंपनी लाप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पीलूखेड़ी (राजगढ़) में स्थित विनिर्माण इकाई ने पिछले एक दशक में 141.5 करोड़ रुपये का निवेश किया है। वर्ष 2012 में सिंगल कोर तारों के उत्पादन के लिए 44 करोड़ रुपये का निवेश, वर्ष 2014 में मल्टी कोर कंट्रोल केबल उत्पाद लाइन के विस्तार के लिये 13.5 करोड़ रुपये, वर्ष 2018 में मेक-इन-इंडिया पहल के तहत विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए 22 करोड़ रुपये और वर्ष 2024 में नवीनतम ई-बीम और कंपाउंडिंग प्लांट के लिए 62 करोड़ रुपये का निवेश किया, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। कंपनी ने अपनी विनिर्माण इकाई को 30 हजार वर्ग फुट तक विस्तारित किया है, जिससे भोपाल और राजगढ़ के आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों लोग प्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुड़े हैं।

## पांच दिसंबर को होगा महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह

### बावनकुले बोले- पीएम नरेंद्र मोदी होंगे शामिल



**मुंबई।** एक सप्ताह के लंबे इंतजार के बाद महाराष्ट्र में महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख का एलान हो गया। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर को शाम पांच बजे आजाद मैदान मुंबई में होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। हालांकि अभी महायुति ने मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हुए एक हफ्ता हो चुका है लेकिन सरकार गठन को लेकर कवायद नहीं हुई है। पिछले दिनों दिल्ली में अमित शाह ने महायुति नेताओं के साथ बैठक की थी। इसके बाद महाराष्ट्र में महायुति के नेताओं की बैठक होनी थी, लेकिन वह टल गई। उधर, विपक्ष लगातार नई सरकार के गठन को लेकर सवाल उठा रहा था। इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण समारोह की तारीख का एलान कर दिया।

महाराष्ट्र में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच था। जिसमें महायुति ने बाजी मारते हुए 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं इसके उलट महा विकास अघाड़ी को 288 सीटों में से मात्र 46 सीटें ही जीत सकी। महाराष्ट्र में महायुति की ऐतिहासिक जीत के बाद सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई। नतीजे के अगले ही दिन यानी 24 नवंबर को एनसीपी के विधायक दल की बैठक हुई जिसमें अजित पवार को नेता चुना गया। पार्टी के नेता छगन भुजबल ने अजित पवार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की। वहीं, शिवसेना विधायकों ने एकनाथ शिंदे को अपना नेता चुना। उधर 26 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल खत्म होना था लिहाजा इसी दिन राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

## अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में बड़ी चूक, ग्रेटर कैलाश में हुआ हमला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजन पर शनिवार को ग्रेटर कैलाश इलाके में हमला हुआ है। हालांकि उन्हें चोट नहीं आई है। हमलावर ने उनके ऊपर कुछ तरल पदार्थ फेंक दिया। इसके तुरंत बाद सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को फौरन पकड़ लिया।

बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल इन दिनों रोजाना पद यात्रा कर रहे हैं। इस कड़ी में वह आज ग्रेटर कैलाश में पदयात्रा कर रहे थे। घटना के बाद आप ने इसके पीछे बीजेपी का हाथ बताते हुए हमला बोला। पार्टी ने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था बरकरार रखने में नाकाम बीजेपी बौखलाई हुई है।

यह हमला इसलिए हुआ है क्योंकि केजरीवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर बीजेपी पर हमला बोला था। गृह मंत्री अमित शाह की नाकामी जग जाहिर हो गई है।

आप ने कहा कि यह बीते 35 तीन में तीसरा हमला है। इससे पहले 25 अक्तूबर को विकासपुरी, 27 नवंबर को नांगलोई और आज 30 नवंबर को ग्रेटर कैलाश में हमला हुआ है। क्या बीजेपी केजरीवाल को जान से मारना चाहती है? हमला करने वालों पर क्यों कोई कार्यवाही नहीं होती?

इस घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी का भी बयान आया है। पार्टी ने इसे अरविंद केजरीवाल का ही काम बताते हुए कि आप हार देखकर इस तरह की हरकत कर रही है। हम राजनैतिक पार्टी होने के नाते इस तरह के किसी भी हमले सर्मथन नहीं करते हैं। हमारी अपील है कि दिल्ली पुलिस इस मामले की जांच कर सच्चाई को सामने लाए।

## धार्मिक मुद्दों की आड़ लेकर राजनीतिक स्वार्थ साध रही सरकारः मायावती

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संगठन के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने पार्टी प्रदेश कार्यालय में यूपी और उत्तराखंड के पदाधिकारियों को संबोधित किया। कहा कि यूपी सरकार धार्मिक मुद्दों की आड़ में स्वार्थ की राजनीति कर रही है। देश व समाज को संकीर्ण जातिवादी व साम्प्रदायिक तत्वों की जकड़ से निकालने के लिए दलित व अम्बेडकरवादी बहुजनों को अपना संघर्ष ढीला नहीं पड़ने देना है, बल्कि इसको और अधिक प्रभावी बनाना है।

## चुनाव तंत्र को नियंत्रित करने के लिए सत्ता-धन का दुरुपयोग हुआ : पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को महायुति के हाथों हार का सामना करना पड़ा। विपक्ष अब इस हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ रहा है। इस पर राकांपा-एसपी प्रमुख शरद पवार ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शनिवार को दावा किया कि पूरे चुनाव तंत्र को नियंत्रित करने के लिए सत्ता और धन का दुरुपयोग किया गया। राकांपा-एसपी नेता ने बताया कि किसी भी राज्य के विधानसभा चुनाव में ऐसा देखने को नहीं मिला, जैसा महाराष्ट्र में हुआ। शरद पवार ने यह बयान तब दिया जब उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. बाबा अधव से मुलाकात की। बता दें कि बाबा अधव महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ईवीएम के दुरुपयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

90 वर्षीय बाबा अधव ने गुरुवार को समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के निवास फुले वाडा में तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया। महाविकास अघाड़ी गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस, शिवसेना(यूबीटी) और राकांपा-एसपी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से ही ईवीएम में हेरफेर के आरोप लगा रहे हैं। इस मामले में शरद पवार ने प्रतिक्रिया दी। पत्रकारों से बात करते हुए शरद पवार ने बताया कि ईवीएम में वोट जोड़े जाने के कुछ नेताओं के दावों में सच्चाई है। हालांकि, फिलहाल उनके पास इस बात का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा, ऐसा पहली बार हुआ है कि देश में हुए चुनावों ने कई लोगों को बेचैन कर दिया। हर दिन सुबह 11 बजे संसद में विपक्षी नेता सवाल उठाते हैं। वे अपनी बात रखते हैं, लेकिन संसद में उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है।

## पुलिस विभाग में सलामी प्रथा समाप्त करने के निर्देश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस इकाइयों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि पुलिस कर्मियों द्वारा उच्च अधिकारियों को दी जाने वाली सलामी प्रथा को समाप्त किया जाए। यह निर्देश राज्य शासन के 2007 के आदेश का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। 17 अगस्त 2007 को जारी आदेश के अनुसार, केवल राज्यपाल और राष्ट्रपति को ही सलामी देने की अनुमति दी गई थी। अन्य सभी प्रकार की सलामी समाप्त कर दी गई थी। लेकिन हाल के निरीक्षण में पाया गया कि यह प्रथा अभी भी चल रही है, जिससे विभागीय अनुशासन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## तमिलनाडु-पुडुचेरी के हिस्सों में फेंगल ने दी दस्तक

**चेन्नई।** चक्रवात फेंगल ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई हिस्सों ने दस्तक दे दी है। फेंगल के कारण कई इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उधर, चेन्नई हवाई अड्डे पर भी तूफान का असर पड़ा है, जहां उड़ाने प्रभावित हुई हैं। हवाई अड्डे को सात बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चेन्नई हवाई अड्डा ने एक्स पर कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है, ताकि मौसम की स्थिति में सुधार के बाद उड़ानों का संचालन जल्द शुरू किया जा सके। 4 बजकर 30 मिनट पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित पक्षों और आईएमडी के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान आईएमडी ने जानकारी प्रदान की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रनवे और टैक्सीवे पर जलभराव हो गया है, जिसके चलते 55 उड़ाने रद्द की गई हैं।

## भूस्खलन प्रभावितों की मदद के लिए सरकार पर बनाएं दबाव : राहुल



**वायनाड।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को अपनी पार्टी कांग्रेस और यूडीएफ से वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया। वह अपनी बहन और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा की वायनाड लोकसभा उपचुनाव में जीत के बाद पहली बार केरल आए हैं। इस दौरान बच्चों से भी बातचीत की।

राहुल ने यहां मुक्कम में अपनी बहन के साथ जनसभा के दौरान भूस्खलन के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, संपत्तियों को खो दिया है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, हमारी सरकार नहीं है और इसलिए हम वह नहीं कर सकते जो एक सरकार कर सकती है। इसलिए, मैंने अपनी बहन और (एआईसीसी महासचिव) के. सी. वेणुगोपाल से कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ के प्रत्येक सदस्य को भूस्खलन के पीड़ितों की मदद के लिए केरल सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वायनाड के लोगों के साथ भेदभाव करने का भी आरोप लगाया और कहा कि मोदी उन्हें वह सहायता प्रदान करने के लिए तैयार नहीं हैं, जिसके वे हकदार हैं। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते हुए दावा किया कि वह भारत के लोगों की तुलना में उद्योगपति गौतम अदाणी के साथ अलग तरह का व्यवहार कर रहे हैं।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का एलान

## संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को देंगे पांच-पांच लाख रुपये



**लखनऊ।** यूपी के संभल में हुई हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को समाजवादी पार्टी पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगी। सांसद रुचि वीरा ने बताया कि मृतकों के परिजन के साथ पार्टी की संवेदनाएं हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने परिजन की मदद करने की घोषणा की है। सहायता राशि परिजन को जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी। यही नहीं समाजवादी पार्टी की मांग है कि सरकार मृतकों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद करे। आपको बताते चलें कि बीती 24 नवंबर को मस्जिद सर्वे के दौरान संभल में बवाल हो गया था। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। कई लोग घायल हुए थे। यहां तक कि डिप्टी एसपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए थे।

## पूर्व बीएसपी विधायक रामबाई के पति सहित 25 को आजीवन कैद

**दमोह।** दमोह जिले के हटा निवासी कांग्रेस नेता देवेंद्र चौरसिया की हत्या के मामले में पथरिया से पूर्व बीएसपी विधायक रामबाई सिंह परिहार के पति गोविंद सिंह, देवर कौशलेंद्र सिंह सहित 25 आरोपियों को हटा अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक ने शनिवार शाम आजीवन कारावास की सजा सुना दी। एक आरोपी को सबूतों के अभाव में दोष मुक्त किया गया है। वहीं, एक आरोपी फरार होने के कारण उसके मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। इस हत्याकांड में कुल 27 लोगों को आरोपी बनाया गया था। सुबह से ही हटा न्यायालय में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था और इस मार्ग से वाहनों की आवाजाही भी बंद कर दी गई थी।

## गांव पहुंचे एकनाथ शिंदे की तबीयत बिगड़ी

### मीडिया रिपोर्ट में दावा- डॉक्टरों की टीम पहुंची सतारा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की अपने गांव में अचानक तबीयत बिगड़ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई से डॉक्टरों की टीम उनके गृह जिले सतारा स्थित गांव पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि उनको थकान के चलते बुखार की समस्या हुई है। डॉक्टर जांच कर रहे हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हुए अब एक हफ्ता हो चुका है लेकिन मुख्यमंत्री के चेहरे पर संशय बरकरार है। पिछले दिनों एकनाथ शिंदे ने दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की थी। इसके बाद महायुति नेताओं के साथ भी अमित शाह ने बैठक की थी। दिल्ली के बाद महायुति के नेताओं की एक बैठक महाराष्ट्र में होनी थी लेकिन कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दिल्ली से लौटने के बाद अचानक सतारा में अपने गांव के दौरे पर निकल गए थे। संभावना थी कि आज महाराष्ट्र के सीएम पद को लेकर नाम का एलान कर दिया जाएगा। इस बीच खबर आई कि गांव में एकनाथ शिंदे की तबीयत बिगड़ गई है। मुंबई से गांव पहुंची डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की है और आराम करने की सलाह दी है। महाराष्ट्र में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच था। जिसमें महायुति ने बाजी मारते हुए 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की।

## केंद्र-राज्य के बीच प्रतिस्पर्धी पहलुओं को लेकर बनाना होगा संतुलन



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईडी अधिकारी अंकित तिवारी के खिलाफ रिश्वत लेने के मामले में सुनवाई करते हुए प्रतिस्पर्धी मुद्दों के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि जिन मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों की जांच राज्य पुलिस द्वारा की गई है या की जा रही है ऐसे मामलों में प्रतिस्पर्धी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि संघीय ढांचे में, यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक घटक अपनी पहचान और अधिकार क्षेत्र बरकरार रखे। इस दौरान पीठ ने एक काल्पनिक स्थिति का हवाला भी दिया। अदालत ने कहा कि अगर कोई राज्य केंद्र सरकार के अधिकारियों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार करने का फैसला करता है, तो इससे संवैधानिक संकट पैदा हो सकता है। ऐसे में अगर यह कहा जाता है कि राज्य के पास गिरफ्तारी की विशेष शक्ति है, तो यह संघीय ढांचे के लिए खतरनाक हो सकता है। हालांकि पीठ ने यह भी कहा कि राज्य पुलिस को उसके अधिकार क्षेत्र के भीतर किसी मामले की जांच करने की शक्ति से वंचित करना भी ठीक नहीं होगा।

सभी दलीलों पर विचार करते हुए अदालत ने कहा कि हम इन प्रतिस्पर्धी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने के लिए दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करेंगे। इसमें कहा गया है कि हालांकि एक आरोपी जांच में अपनी बात नहीं रख सकता, लेकिन उसे निष्पक्ष जांच का अधिकार है। फिलहाल पीठ ने मामले की सुनवाई जनवरी में तय की है। शीर्ष अदालत ने 20 मार्च को तिवारी को अंतरिम जमानत दे दी थी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें उसके अधिकारी अंकित तिवारी के खिलाफ एक मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। अंकित तिवारी को तमिलनाडु सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने कथित रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

डीवीएसी ने दावा किया गया था कि मदुरै में ईडी के उप-जोनल कार्यालय में तैनात अधिकारी तिवारी को 1 दिसंबर, 2023 को तमिलनाडु सरकार के एक अधिकारी से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद ईडी ने तमिलनाडु पुलिस प्रमुख के पास एक शिकायत दर्ज की थी। इस शिकायत में राज्य सतर्कता अधिकारियों पर मदुरै में उसके जोनल कार्यालय में अतिक्रमण करने और मामले के रिकॉर्ड चुराने का आरोप लगाया गया था। सुनवाई के दौरान तमिलनाडु की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि तिवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था और मामले की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। पुलिस ने अभी तक आरोप पत्र दाखिल नहीं किया है क्योंकि शीर्ष अदालत ने ईडी की याचिका पर विचार कर लिया है। इससे पहले ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए, शीर्ष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और राज्य सरकारों के अधिकारियों से जुड़े मामलों की जांच के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी अखिल भारतीय तंत्र तैयार करने की बात कही थी, ताकि राजनीतिक प्रतिशोध के कारण जांच को विफल करने की आशंकाओं को खत्म किया जा सके।

# बैगा परिवार को पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश

## निवास में ईसाई धर्म प्रचारक साहू पर मुकदमा दर्ज

**सिंगरौली।** निवास चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवास गांव में बैगा परिवार का धर्म परिवर्तन कराए जाने के प्रयास का मामला सामने आया है। यहां बैगा परिवार ने पुलिस से शिकायत किया है कि गांव के ही एक युवक घर आकर पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए कहता है। आरोपों के आधार पर मौके से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है।




शिकायत मिलने के बाद एसपी मनीष खत्री के निर्देश एवं एएसपी शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज सिंह की टीम ने धर्म परिवर्तन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। निवास चौकी प्रभारी ने बताया कि शिकायतकर्ता मुन्नी बैगा पति जयचन्द्र बैगा ने निवास चौकी पुलिस को बताया कि निवास गांव निवासी उदयचन्द्र साहू ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार करता है। आरोपी जब ईसाई धर्म अपनाने की बात कह रहा था उस समय हमारी समधन सुनीता बैगा एवं हमारे पति भी थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि उदयचन्द्र साहू के घर लोग प्रार्थना करने भी जाते हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के पास से ईसाई धर्म से सबंधी किताब जप्त किया गया व आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी निगरी एसआई विनय शुक्ला, सउनि दीपनारायण, त्रिवेणी पाल, ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रभात कुमार दुबे, विड्डू सिंह, अमित कुमार, रविराज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ईसाई धर्म अपनाने पर मिलेंगे दस हजार रुपए

शिकायतकर्ता ने बताया कि उदय चंद्र घर आकर पैसों का लालच देकर हिंदू धर्म को छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहता है। उसके द्वारा कहा जाता है कि हिंदू धर्म में कोई ताकत नहीं है। तुम लोग इसाई धर्म अपना लो दस हजार रूपये शुरू में देंगे। फिर हर महीना पैसा मिलता रहेगा। लड़के बच्चों की नौकरी भी लगवा देंगे। साथ ही उसने कहा कि ईसाई धर्म में बहुत सुविधाएं मिलती हैं। ईसाई धर्म अपनाने के लिए सिन्दूर-टिकुली और बुंदवा छोड़ना पडेगा।

धर्म परिवर्तन का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन पुलिस सिर्फ शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर खानापूर्ति कर रही है। यदि धर्म परिवर्तन के मामलों पर गहनता से पड़ताल की जाए तो कई चौंकाने वाले खुलासे से हो सकते हैं। सूत्रों की माने तो कई ईसाई धर्म के प्रचारक जिले में सक्रिय हैं। जो गरीब और कमजोर वर्ग को अपना निशाना बना रहे हैं और उन्हें पैसों का लालच देकर दवाइयों और इलाज के लिए सहायता का लालच देकर शादी विवाह में आर्थिक मदद का भरोसा देकर, बहला फुसलाकर और हिंदू देवी-देवताओं के प्रति हीनता भरे उपदेशों और साहित्यों का सहारा लेकर भ्रमित कर रहें हैं। ईसाई धर्म प्रचारक गांव के दलितों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के धर्म परिवर्तन कराए जाने का लागातार प्रयास कर रहे हैं।

# जिले के दो प्राचार्य जाएंगे सिंगापुर

## एमपी बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने का है लक्ष्य




**सिंगरौली।** जिले के दो शिक्षक शीघ्र ही सिंगापुर जाने वाले हैं। यह शिक्षक किसी और कार्य से नही बल्कि एमपी बोर्ड एग्जाम में बेहतर परिणाम लाने के लिए चयन किया गया है। ताकि वें सिंगापुर जाकर बारिकियों को जान सके। जिला शिक्षा कार्यालय सिंगरौली के आईटी सेल समन्वयक गुरूराजेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश से एमपी बोर्ड एग्जाम में बेहतर परिणाम लाने वाले सरकारी स्कूलों के 48 प्राचार्य का चयन किया गया है। जहां सिंगापुर का भ्रमण करेंगे। जिसमें से सिंगरौली जिले के 2 विद्यालयों के प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय बैढ़न के पारस नाथ द्विवेदी, प्रभारी प्राचार्य एवं सीएम राइज शासकीय मॉडल उमावि चितरंगी के अशोक कुमार सिंह बघेल, प्रभारी प्राचार्य शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि डीईओ एसबी सिंह से लोकशिक्षण संचालनालय के द्वारा जानकारी मांगी गई थी कि प्रदेश के अन्य शिक्षकों के साथ-साथ उक्त दोनों प्राचार्य जल्द ही सिंगापुर जाएंगे।

# 1.75 करोड़ सदस्यता संख्या के साथ मध्यप्रदेश ने रचा इतिहास: शशांक

## अपनी सदस्यता संख्या के बल भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी




**सिंगरौली।** चल रहे संगठन पर्व के तत्वावधान में भारतीय जनता पार्टी की विशेष कार्यशाला पार्टी के जिला कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। सदस्यता एवं संगठन निर्वाचन संबंधी इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में पूर्व कटनी महापौर तथा सदस्यता अभियान सिंगरौली के प्रभारी शशांक श्रीवास्तव उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, निर्वाचन सह प्रभारी एवं सीड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह, सक्रिय सदस्यता के प्रभारी अनंत शुक्ला, प्राथमिक सदस्यता प्रभारी एवं जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमर सिंह, पूर्व महापौर एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेमवती खैरवार मंचासीन रहे।

जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ भारत माता तथा पितृ पुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ एवं स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने दिया। जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने सर्वप्रथम मौजूद अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन किया तथा सदस्यता अभियान की सफलता पर सभी को बधाई प्रेषित की। विधायक रामनिवास शाह ने अपने उद्बोधन में आगामी सांगठनिक पदों पर निर्वाचन के लिये समस्त वर्ग एवं समुदाय के समन्वय तथा नवीन कार्यकर्ताओं को अपनी विचारधारा के अनुरूप संगठन में स्थान देने की बात कही। सक्रिय सदस्यता प्रभारी अनंत शुक्ला ने बताया कि 1900 से अधिक कार्यकर्ता हमारे सक्रिय सदस्य बन चुके हैं तथा प्राथमिक सदस्यता प्रभारी सुंदरलाल शाह ने बताया कि जिले में 2 लाख से अधिक प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं जोकि पार्टी के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप है।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे निर्वाचन प्रभारी एवं कटनी के पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा सदस्यता अभियान सफल रहा है और अपनी सदस्यता संख्या के आधार पर हम आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के रूप में स्थापित हुये हैं। साथ ही 1.75 करोड़ से अधिक सदस्य संख्या के साथ म.प्र. ने इतिहास रचा है। कार्यशाला के कार्यक्रम का संचालन निर्वाचन सह प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने किया तथा आभार प्रकट, निर्वाचन सह प्रभारी एवं सीड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह ने किया।

# बकहुल पंचायत का जीआरएस, जनपद देवसर में अटैच

## पॉच सैकड़ा से अधिक विभिन्न कार्यो में मिली है भारी अनियमितता

**सिंगरौली।** ग्राम पंचायत बकहुल के रोजगार सहायक पर व्यापक रूप से गंभीर आर्थिक अनियमितता किये जाने का जांच उपरांत आरोप लगे हैं। जिला पंचायत सीईओ ने जीआरएस कुंजलाल सिंह को जनपद देवसर ऑफिस अटैच कर दिया है।




जानकारी के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिंगरौली ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें रोजगार सहायक ग्राम पंचायत बकहुल कुंजलाल सिंह पर पंचायत में भारी अनियमितता किये जाने का आरोप लगा है। जहां शिकायत से संबंधित पॉच सौ से अधिक कार्यो का उल्लेख किया है। वही उक्त मामले की जांच जनपद पंचायत देवसर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा की जा रही है। ग्रामीणों की मांग रही कि जबतक जीआरएस को पंचायत से नही हटाया जाता है तब तक निष्पक्ष जांच नही हो पाएगी और इस दौरान जीआरएस अपनी कालीकरतूतों को छुपाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। जिला पंचायत सीईओ ने रोजगार सहायक कुंजलाल सिंह को अस्थाई रूप से गत दिवस जांच पूरी होने तक की स्थिति में जनपद पंचायत देवसर कार्यालय अटैच कर दिया है।

# गड़ेरिया-कचनी सड़क मार्ग का हटेगा अतिक्रमण

## सड़क हादसे पर रोक लगाने के लिए सिंगरौली विधायक ने शुरू की कवायद, कलेक्टर, एसपी समेत अन्य अधिकारियों के साथ की बैठक

**सिंगरौली**

बरगवां-परसौना-कचनी एवं रजमिलान-सरई मार्ग में आये दिन हो रही सड़क दुर्घनाओं को लेकर शासन-प्रशासन के लिए सिर दर्द बन गया है। वही सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए आगे आकर कवायद भी शुरू कर दिया है। कलेक्टर-एसपी एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक कर इस समस्या से निपटने के लिए कई अहम बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया है। गौरतलब है कि परसौना,



बरगवां, गोंदवाली, गोरबी, मोरवा, परसौना, रजमिलान, सरई मार्ग में आये दिन हो रहे सड़क हादसे में अनायास लोगों ने जाने जा रही हैं और कई लोग जख्मी भी हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह के दौरान सड़क दुर्घटना में करीब पॉच युवको की जान चली गई और इतने ही लोग घायल हो गये। साथ ही युवको के अकाल मौत पर चक्काजाम जैसे हालात निर्मित होने से कानून व्यवस्था भी अस्त-व्यस्त हो जा रही हैं। जिसे प्रशासन के लिए एक बड़ा टेंशन बन गया है। सबसे ज्यादा मौते कोल एवं राखड़ वाहनों से हो रहा है। इधर लगातार हो रहे सड़क हादसे से सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह द्वारा इसे गंभीर समस्या मानते हुये सड़क हादसे पर अंकुश पाने कवायद शुरू कर दिया गया है। पिछले दिन कल विधायक ने कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री, एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक कर इस ज्वलंत समस्या से निपटने के लिए हल तलाशने की कोशिश की गई। सूत्रों के मुताबिक सबसे पहले गड़ेरिया से लेकर कचनी तक सड़क के आसपास अतिक्रमण को हटाने पर सहमति बनी। साथ ही आवश्यकतानुसार चिन्हित स्पॉट पर ब्रेकर बनाने के लिए नगरीय क्षेत्र में नगर निगम को बनाने का निर्देशित किया गया। साथ ही तेज गति से चलने वाले वाहनों पर भी निगरानी रखने के लिए निर्देश दिये गये।

# पुलिस ने मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

**चितरंगी।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री सिंगरौली के निर्देशन में थाना प्रभारी चितरंगी उपनिरीक्षक सुरेन्द्र यादव द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये मामले के आहत को सीएचसी चितरंगी उपचार के लिए रवाना किया। प्रकरण में आहत विसम्भर सिंह गोड़ पिता जगपति सिंह गोड़ उम्र 60 वर्ष निवासी सकरिया थाना चितरंगी का उपचार दौरान मृत्यु हो जाने से मामले में हत्या की धारा का ईजाफा कर फरार




आरोपी रघुनाथ सिंह गोड़ पिता देवराज सिंह गोड़ उम्र 45 वर्ष निवासी सकरिया, बसंतलाल सिंह गोड़ पिता विसम्भर सिंह गोड़ उम्र 50 वर्ष निवासी सकरिया को 29 नवम्बर को ग्राम सकरिया से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी संतलाल सिंह गोड़ पिता विसम्भर सिंह गोड़ उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सकरिया का रिपोर्ट किया कि शाम को अपने पाही सकरिया में सो रहा था। मेरे पिता विसम्भर सिंह गोड़ खेत जोतने के लिए घास निकाल रहे थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर मेरा भाई रघुनाथ सिंह गोड़ एवं बसंतलाल सिंह गोड़ आकर मेरे पिताजी को गन्दी गाली देते हुये साबर से मारपीट करने लगे। हल्ला-गुहार पर जब मैं पिताजी के पास पहुंचा तो रघुनाथ सब्बर से व बसंतलाल सिंह टांगी से मारपीट करने लगा। बोला की आज जान से खत्म कर दो। तभी मेरे पिताजी को सिर में सब्बर से मार दिये। वही पर गिर कर बेहोश हो गये है। तब मैं भाग कर थाना रिपोर्ट करने आया हूँ। कि रिपोर्ट पर थाना चितरंगी आरोपियों के विरूद्ध में धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(3) बीएनएस की कायम कर जांच में लिया गया। उक्त कार्यवाही में उनि सुरेन्द्र यादव, प्रभारी थाना चितरंगी उनि बीपी कोल, प्रआर लक्ष्मीकान्त मिश्रा, आर भैयालाल यादव, आर बीर प्रताप सिंह, आर सुदर्शन चौहान, आर जितेन्द्र तिवारी, म.आर वर्ष पंथी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एनएएस की तैयारी को लेकर शिक्षा विभाग की हुई समीक्षा बैठक

**सिंगरौली।** राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण को लेकर जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश के निर्देशन में शिक्षा विभाग के समस्त बीआरसीसी, बीएसी और सीएसी की एनएएस तैयारी की समीक्षा बैठक जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी एवं डीपीसी अजय मिश्र मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने राष्ट्रीय



उपलब्धि सर्वेक्षण के बारे में जिम्मेदारों को बताते हुये कहा कि यह एक राष्ट्रीय स्तर का बड़ा पैमाने पर आयोजित होने वाला श्वेच्छिक मूल्यांकन सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण शिक्षण मंत्रालय के अधीन काम करने वाले स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित कि या जाता है। इस सर्वेक्षण से शिक्षा व्यवस्था की परख करना है। एनएएस से छात्र-छात्राओं को सीखने की उपलब्धि के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए किया जाता है।

# चौथे दिन पुलिस वाहन हुआ सड़क हादसे का शिकार

## प्रधान आरक्षक व चालक घायल, शव को लेकर पीएम कराने आ रहा था पुलिस वाहन





**सिंगरौली।** बरगवां-रजमिलान-मोरवा-सरई सड़क हादसे के बाद आज चौथे दिन यानि शनिवार को पुलिस का वाहन उस वक्त हादसे का शिकार हो गया। जब सड़क दुर्घटना में दम तोड़ चुके एक युवक के शव को लेकर पुलिस वाहन पीएम कराने बैढ़न आ रहा था कि राजासरई में पुलिस वाहन व पिकअप में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें पुलिस वाहन का एक हिस्सा किसी लायक नही रहा। इस घटना में प्रधान आरक्षक सचिन सिंह सहित चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बरगवां थाना क्षेत्र के चरकी पहाड़ी में आज दिन शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे मोटरसाइकिल से जा रहे युवक धर्मेन्द्र साकेत निवासी घिनहा गांव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों ने बरगवां पुलिस को सूचना दी। मौके पर थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा अपने दल-बल के साथ पहुंच मृतक युवक के शव को पुलिस वाहन से पीएम कराने के लिए बैढ़न भेजवाया जा रहा था। जहां पुलिस के वाहन में प्रधान आरक्षक सचिन सिंह व चालक जागेश्वर पाल एवं मृतक के दो परिजन जा रहे थे। जैसे ही पुलिस का वाहन राजासरई पहुंचा तो सामने से आ रहा पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना में प्रधान आरक्षक सचिन सिंह व चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया गया।

# सार्वजनिक स्थलों पर की जाये अलाव की व्यवस्था



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद एवं अपीलीय समिति सदस्य अनिल कुमार बैस ने आयुक्त को पत्र लिखते हुये कहा है कि वर्तमान में सर्दी का मौसम चल रहा है। इन दिनों कड़ाके की ठण्ड पड़ने लगी है। नगर निगम के सभी वार्डों में लोगों को सर्दी से बचाने के लिए चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की अति आवश्यकता है। श्री बैस ने कहा जनहित को देखते हुये सभी वार्डो में आवश्यकतानुसार अलाव की व्यवस्था यथाशीघ्र कराई जाए।

# कब्रिस्तान को लेकर हिंदू-मुस्लिम आए आमने-सामने, तहसीलदार की सूझबूझ से अनहोनी घटना पर लगा विराम

**सरई।** जिले के तहसील सरई अंतर्गत शुक्रवार को उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जब मुस्लिम समुदाय के एक व्यक्ति की मृत्यु होने पर शव को दफनाने की समस्या उत्पन्न हुई। व्यवस्थित कब्रिस्तान ना होने के कारण अव्यवस्था निर्मित हो गई। समुदाय के द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में कब्रिस्तान बनाए जाने का प्रयास किया गया था। परंतु भूमि आवंटन न होने के कारण अप्रिय स्थिति निर्मित हुई। शव की अंतिम क्रिया के लिए जब ले जाया जा रहा था वार्ड क्रमांक 6 स्थित रोड से लगी हुई भूमि में नगर परिषद के द्वारा कब्रिस्तान बनाए जाने के लिए प्रस्तावित किया गया था। जब शव को अंतिम क्रिया के लिए ले जाया



गया वहां पर स्थानीय लोगों एवं महिलाओं के द्वारा व्यापक स्तर पर आपत्ति की गई और कहा गया कि आम निस्तार की भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्रिस्तान ना बनाया जाए। इसी बात को लेकर दोनों समुदायों के बीच में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे और नोक-झोक चलती रही। सूचना मिलने पर मौके पर तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा पहुंचे। जिन्होंने सूझबूझ के साथ दोनों पक्षों को समझाइस दी। मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। तहसीलदार ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद राजस्व टीम के साथ नगर परिषद सरई क्षेत्र में एक स्थान का त्वरित रूप से चयन किया। जिसे मुस्लिम धर्मावलंबियों को दिखाया गया। जिस पर सहमति बनाई गई और आपसी समन्वय स्थापित कर शव की अंतिम क्रिया एवं दफनाने का कार्य किया गया। मौके की स्थिति को संभालने के लिए एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम भी मौके पर उपस्थित थे। समय रहते प्रशासन की सूझबूझ से एक बड़ा विवाद शांत हो गया। नगर परिषद द्वारा जब कब्रिस्तान के लिए स्थान चुना गया था। तब स्थानीय रहवासियों से एक बार राय ले लेनी चाहिए थी। ताकि जो विवाद की स्थिति निर्मित हुई वह ना होती और शव को दफनाने में जो बेवजह समय लगा वह ना लगता। हालांकि तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा की सूझबूझ से सब अच्छे से हो गया। लेकिन नगर प्रशासन को आगे ऐसी कोई भी कार्य को करने के पहले विधिवत प्रकिया को पूर्ण करनी चाहिए।

# "हम होंगे कामयाब पखवाड़ा" के अंतर्गत विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्राओं को उनके अधिकारों व कानूनों की जानकारी दी गई



सीधी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश में 25 नवंबर से हम होंगे कामयाब पखवाड़ा की शुरुआत की गई है जो 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। इसके लिए सभी जिलों में तरह-तरह के जागरुकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

महिलाओं का सम्मान समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, इसलिए पखवाड़ा मनाया जा रहा है, ताकि पुरुष अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव लाकर समाज में फैले नकारात्मक दृष्टिकोण को चुनौती दे सके। इसके लिए जन्म से ही अपने घर में लड़कों को सिखाना होगा कि वह हर बेटी और महिलाओं का सम्मान करें। उनके साथ किसी तरह के शारीरिक शोषण या हिंसा न हो। परिवार और समाज में समानता का माहौल बनाकर बेटे-बेटी के बीच भेदभाव समाप्त करें तभी एक बेहतर समाज का निर्माण हो पाएगा।

उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आर सी त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत परियोजना अधिकारी सीधी 1 आशा तिवारी, महिला थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी डॉ ओ पी नामदेव, प्रभारी प्राचार्य पी.एम.श्री. शास. आदर्श कन्या हाई स्कूल सीधी आरती पाण्डेय, शिक्षिका अजिता द्विवेदी, शक्ति श्रीवास्तव वन स्टाप प्रशासक, मंजुला तिग्गा, केश वर्कर अरुणिमा पाठक एवं पुष्पलता शर्मा के नेतृत्व में पी.एम.श्री. शासकीय आदर्श कन्या हाई स्कूल सीधी एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में छात्राओं को जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दे गई। कार्यक्रम में छात्राओं को बाल विवाह न करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया एवं गुड टच, बैड टच की जानकारी दी गयी।

इसके साथ ही सायबर क्राईम जैसे डिजिटल एरेस्ट, फायनेंशियल फ्राड, ओ.टी.पी. फ्रॉड के बारे में विस्तार से बताते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपाय बताये गये तथा सायबर फ्रॉड होने पर सायबर हेल्प लाईन नम्बर 1930, महिला सुरक्षा हेल्प लाईन नम्बर 1090, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 के विषय में भी बताया गया। यह भी बताया गया कि कोई समस्या होने पर आप तुरंत डायल 100 में शिकायत करें, सीधी पुलिस तत्काल पहुंचेगी।

## शासकीय महाविद्यालय खड्डी में संपन्न हुआ महाविद्यालयीन स्तर एथलेटिक्स प्रतियोगिता



**सीधी।** शासकीय महाविद्यालय खड्डी जिला सीधी में उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में महाविद्यालयीन स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से दौड़ की सभी विधाएं, गोला फेक, तवा फेक, लंबी कूद, ऊंची कूद, त्रिकूद, भाला फेंक आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 100 से अधिक छात्र छात्राओं ने सहभागिता अर्जित की। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अत्यंत उत्साहित होकर हिस्सा लिया एवं अदभुत, मंत्रमुग्ध प्रदर्शन दिया। प्रतियोगिता में प्रभारी प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे, डॉ श्रीकांत द्विवेदी, डॉ अजय सिंह, डॉ वीणा राय चौधरी, डॉ भावना सिंह, प्रिंस मिश्रा, डॉ पवन कुमार वर्मा, अभिनंदन पांडेय, डॉ राजकुमार गुप्ता क्रीड़ा अधिकारी, सुखसेन सूतिया सहायक लिपिक एवं अन्य कर्मचारी उपस्तिथि रहें।

## नई चेतना 3.0 अभियान के तहत ग्राम पंचायत टीकटकला एवं टिकटखुर्द में किया गया लोक अधिकार केंद्र का प्रचार-प्रसार



**सीधी।** म.प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज के निर्देशन एवं जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला जेंडर नोडल युवा सलाहकार श्री हरी राम त्रिपाठी, वि.ख.नोडल जिला प्रबंधक कौशल श्री देवेश मिश्रा एवं सहायक जेंडर नोडल एडीएम सीटी श्री प्रशांत मिश्रा के सहयोग से नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के तहत सीधी विकासखंड उजाला सीएलएफ अंतर्गत संचालित लोक अधिकार केंद्र जिसमें हकदारी एवं हिंसा से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाता है, जिले के ग्रामीण क्षेत्र में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाएं, महिला एवं बाल विकास और अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्व सहायता समूह सदस्यों के साथ विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इन गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड प्रबंधक सीधी श्री अशोक पाण्डेय एवं सहायक विकासखंड प्रबंधक (विकासखंड जेंडर नोडल ) श्री मनोज मिश्रा ने बताया कि समूह से जुड़ी महिलाओं को नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के बारे में बताकर जागरूक करने एवं लोक अधिकार केंद्र तक महिलाओं की पहुंच बनाने हेतु गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जागरूकता गतिविधियों के तहत रंगोली, संगोष्ठि, जेंडर शपथ, मेंहदी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, आदि गतिविधियां संचालित की जा रही है।

## जिले के 20 परीक्षा केंद्रों में रविवार को होगी राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति की परीक्षा

**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल एवं राज्य शिक्षा केंद्र के सहयोग से राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा रविवार 1 दिसंबर 2024 को सीधी जिले के 20 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु प्रत्येक विकासखंड में चार केंद्र बनाए गए है। इस परीक्षा में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति के लिए किया जाएगा। प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेरिट के क्रम से छात्रवृत्ति हेतु चयन किया जाएगा एवं उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। परीक्षा की समस्त तैयारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा केंद्र द्वारा की जा चुकी है।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्रा द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड समन्वयक एवं संस्था प्रमुखों को परीक्षा में छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## नई चेतना अभियान गजरी और छुही में कार्यक्रम आयोजित



**सीधी।** म.प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज के निर्देशन एवं जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मझौली में नई चेतना अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत गजरी में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य के अलावा आजीविका मिशन की सीआरपी मंजू सिंह, बेला कली सिंह के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में सहायक विकास खंड प्रबंधक संजीव सिंह व विकासखंड प्रबंधक चंद्रकांत सिंह भी उपस्थित थे। इसी प्रकार ग्राम संगठन छूही, गुलाब सागर संकुल संगठन ब्लॉक मझौली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय मड़वास में महाविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताए सम्पन्न

सीधी

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में गोला फेक, लंबी कूद, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ आदि की वार्षिक खेलकूद (एथलेटिक्स) की महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। समस्त प्रतियोगिताए महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रामधारी जायसवाल के नेतृत्व में सम्पन्न कराई गई।



कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने किया तो आभार प्रदर्शन डॉ. कमलेश जायसवाल ने व्यक्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ आकांक्षा मिश्रा, डॉ ज्योति रजक, डॉ पंकज मिश्रा, प्रो. प्रवीण कुमार साकेत, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. अनुराग तिवारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार डॉ. सुरेंद्र गुप्ता, डॉ संगीता मिश्रा, डॉ. पूजा गर्ग, डॉ संध्या वर्मा, डॉ अमिता खरे, डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा, प्रो. बाबा हरीनन्द, श्री सुन्दरलाल प्रजापति श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का समापन किया गया

**सीधी।** जिला चिकित्सालय सीधी में सिक न्यू बोर्न केयर यूनिट में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का समापन किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ दीपारानी इसरानी, डॉ नागेंद्र बिहारी दुबे जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ हरिओम सिंह सेंगर, डॉ आशीष भारतीय, पीडियाट्रिशियन, डीआर देवेश द्विवेदी डॉ विनय सिंह, डॉ प्रभा तिवारी, डॉ शोभा, एसएनसीयू इंचार्ज मैट्रन एवं समस्त नर्सिंग ऑफिसर इस सप्ताह अंतिम दिवस में शामिल हुए और मझौली सेआई एक



प्यारी सी नवजात अज्ञात बेबी का वेलकम बरहो समारोह से किया। कार्यक्रम में शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा बाल मृत्यु कम करने हेतु गहन चर्चा की गई। इस तरह राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह समारोह का समापन किया गया।

# विकासखंड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**सीधी।** विकासखंड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता जनपद शिक्षा केंद्र मझौली के अंतर्गत दिनांक 29 नवंबर को शासकीय माध्यमिक शाला खासाडोल मझौली के मैदान में कक्षा 1 से 8 तक के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के दिव्यांग छात्र एवं छात्राओं द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता एवं सामर्थ्य प्रदर्शन में 100 मीटर दौड़ गोला फेंक नींबू चम्मच दौड़ रंगोली चित्रकला मेहंदी एकल गान समूह गायन एवं दिव्यांग बच्चों द्वारा नित डांस किया गया। इस प्रतियोगिता में अस्थि बाधित दृष्टिबाधित मानसिक मंद एवं श्रवण बाधित बालक बालिका एवं आयु वर्ग के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने प्रतिभा को कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों शिक्षकों एवं मुख्य अतिथियों और कार्यक्रम अध्यक्ष के बीच में अपना प्रदर्शन प्रस्तुत किया कार्यक्रम में विकासखंड से बीआरसी अयोध्या प्रसाद पटेल, बीएसी कमलाकर सिंह, हायर सेकेंडरी पथरोला के प्रभारी प्रचार शैलेंद्र सिंह चौहान,



पथरोला के सरपंच रामदयाल कॉल, एमआरसी चंद्र प्रताप सिंह चौहान, कमला श्रीवास्तव, यज्ञ प्रताप सिंह, मिताल चन्द्र गहरवाल, अमर सिंह संजय तिवारी विद्यालय से आए हुए शिक्षक राजमणि पांडे लल्लू सिंह चंद्रप्रभा नामदेव हरिहर प्रसाद साहू संगीता नामदेव रावण सिंह अमृतलाल गुप्ता कमलेश रावत बलिकरन कुशवाह लखन सिंह मुनेंद्र प्रसाद शर्मा विशेष शिक्षक शिवम तिवारी एवं गांव से आए हुए बच्चों के माता एवं पिता द्वारा सहयोग किया गया एवं दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को देखा गया इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में विकास वेगा सलोनी केवट मानसी मिश्रा रविता केवट जिया गुप्ता सोनाक्षी गुप्ता शशि रानी केवट शिफा खान अनुराधा गुप्ता अंजली गुप्ता आशीष सेन संदीप कुमार गुप्ता एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में अनुराधा गुप्ता राधा गुप्ता सोमती केवट अजय कुमार गुप्ता सत्यम साहू सोमती केवट भारत प्रजापति छात्र हैं प्रथम द्वितीय एवं तिथि स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र के साथ-साथ पुरस्कार भी दिए गए जिसमें स्कूली बैग मिल्टन का बोतल एवं टिफिन भी वितरित किए गए साथ में सभी बच्चों को लंच पैकेट दिया गया साथ में आयुर्वेद शिक्षकों को एवं विभागों को भी लंच पैकेट दिया गया साथ में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्वल्पाहार कराया। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत बीआरसी महोदय द्वारा कार्यक्रम में आए सभी बच्चों एवं अभिभावकों अतिथियों का आभार प्रकट किया गया और उत्साह पूर्वक आए हुए दिव्यांग बच्चों को बधाई देते हुए उनके माता-पिता को अपने बच्चों के प्रति शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी रुचि रखने के लिए कहा गया। साथ में जानकारी दी गई थी 3 दिसंबर 2024 को विश्व विकलांग दिवस कार्यक्रम हेतु जिला स्तरीय प्रतियोगिता मैं सम्मिलित होने के लिए 12 बच्चों को चयनित किया गया जो प्रथम स्थान प्राप्त किए थे इसमें से विकास बैगा, सलोनी केवट, मानसी मिश्रा, रविता केवट, जिया गुप्ता, सोनाक्षी गुप्ता, शशि रानी केवट, शिफा खान, अनुराधा गुप्ता, अंजली गुप्ता, आशीष सेन एवं संदीप कुमार गुप्ता का नाम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित किया गया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी दिव्यांग बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को सूचना दी गई कि कक्षा 1 से 8 तक में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों हेतु चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन 13 दिसंबर 2024 को शासकीय माध्यमिक विद्यालय खासाडोल में आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी दिव्यांग बच्चों जिनका मेडिकल प्रमाण पत्र बना हुआ है एवं जिनका नहीं बना हुआ है सभी आएंगे जिनका बना हुआ है उनको उपकरण दिया जाएगा और जिनका नहीं बना हुआ है कि मेडिकल बोर्ड द्वारा उनका प्रमाण पत्र बनाया जाएगा और साथ में चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर मैं सभी दिव्यांग छात्र चार पासपोर्ट फोटो आधार कार्ड एवं समग्र आईडी की फोटो कॉपी तीन तीन प्रति लेकर आएंगे विशेषज्ञों द्वारा उपकरण हेतु चयनित किया जाएगा जिस विद्यालय आने जाने हेतु एवं आने वाली समस्या का निराकरण किया जा सके हमारी दिव्यांग छात्र आसानी से सुविधा युक्त शिक्षक प्राप्त कर सकें सभी शिक्षण संस्था प्रमुख सूचित हो।

## विकसित भारत युवा लीडर डायलॉग कार्यक्रम में युवाओं को भाग लेने के लिए पंजीयन निरंतर जारी

**राष्ट्रीय युवा दिवस पर मिलेगा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष विचार रखने का मौका**

**सीधी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत इनिसिएटिव के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जाएगा। देशभर से चुने हुए युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा नेहरू युवा केंद्र सीधी के जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी, इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा, युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा। इसे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं के भागीदारी बढ़ेगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को चार चरणों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेना होगा।

इसके अंतर्गत मेरा युवा भारत प्लेटफार्म पर 25 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 24 तक आयोजित होने वाली डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु की वह भाग लेंगे। इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत के उल्लेखनीय उपलब्धियां के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में वार्षिक खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में विधायक श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालय वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में 400 मी., 200 मी. और 800 मी. की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। साथ ही कार्यक्रम में योग के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा बहुत ही अच्छा रिदमिक योग का परफॉर्मेंस दिया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती पाठक ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल के साथ मानसिक विकास का होना बहुत जरूरी है। योग आज के जीवन शैली का एक अभिन्न अंग



बन गया है। विद्यार्थी जीवन में हमें खेल प्रतियोगिताओं में भी सहभागिता करनी चाहिए, जिससे हमारा सर्वांगीण विकास होता है। खेल से सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। प्राचार्य डॉ पी के सिंह ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की खेल गतिविधियों के अचीवमेंट के बारे में बताया।


**कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला रीवा (म.प्र.)**

Email:-cmosirmour@mpurban.gov.in ULB Code: 802182

क्रमांक/1279/स्व.भा.मि./2024 दिनांक 29/11/2024

**-::सार्वजनिक सूचना::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन/ स्वच्छ सर्वेक्षण 2021-22 एवं भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 11 मार्च 2021 अनुसार सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन 75 माइक्रोन से कम मोटाई वाले के उपयोग को बंद करने हेतु अधिसूचना जारी की गई है। जिससे पर्यावरण का बचाव किया जा सके। इसका उपयोग करते एवं दुकानों / प्रतिष्ठानों मे पाये जाने पर अर्थदण्ड ( जुर्माना ) राशि निर्धारित किया गया है। इस सूचना के प्रसारण के बाद अगर कोई नागरिक / प्रतिष्ठान सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन (75 माइक्रोन से कम मोटाई वाले) का उपयोग / भण्डारण/ परिवहन/ विक्रय करते पाया गया तो उसके विरूद्ध निम्नानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | अर्थदण्ड की श्रेणी | अर्थदण्ड राशि |
|---|---|---|
| 01 | भण्डारण/ परिवहन /विक्रय करते पाये जाने पर प्रथम बार | 500 |
| 02 | उपयोग करते पाये जाने पर प्रथम बार | 100 या 500 |
| 03 | उपयोग / भण्डारण / परिवहन / विक्रय करते पाये जाने पर ( पुनरावृत्ति करने पर) | 1000 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला-रीवा (म.प्र.)



**कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला रीवा (म.प्र.)**

Email:-cmosirmour@mpurban.gov.in ULB Code: 802182

क्रमांक/128/स्व.भा.मि./2024 दिनांक 29/11/2024

**अधिसूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर परिषद सिरमौर के समस्त 15 वार्डो में घर घर से कचरा संग्रहण किया जा रहा है। नगर के सभी नागरिको से अनुरोध है कि अपने घरो दुकानो एवं प्रतिष्ठानो मे कचरे का पृथक्कीकरण कर गीले कचरे को हरे डस्टबीन मे व सूखे कचरे को नीले डस्टबीन मे एकत्र कर कचरा कचरा वाहन मे अलग-अलग ही डाले तथा खतरनाक अपशिष्ट (सेनेटरी पैड, दवाईया आदि) कचरा वाहन मे लगे थर्ड बॉक्स मे ही डालें। घरों दुकानों एवं प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे व निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे को सड़क पर जल संरचनाओ, तालाबो, नाली, नालो, मार्ग, खाली प्लाट आदि स्थानों पर ना डाले, तथा पॉलियीन की थैलियो का उपयोग, क्रय विक्रय या भंडारण करते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नगर परिषद सिरमौर की प्रशासनिक समिति / परिषद द्वारा निम्नानुसार अर्थदण्ड निर्धारित की गई है।

| क्र. | कार्यवाही विवरण | प्रथम बार करने पर जुर्माना राशि | पुनः करने पर जुर्माना राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | निर्माण एव विध्वंश कार्य से निकलने वाले मलबे को सड़क पर डालने पर<br>1. निकाय के वाहन से उठाने पर प्रति ट्रॉली शुल्क–<br>2. अन्य वाहन से उठाने पर प्रति ट्रॉली दण्ड– | 500/–<br>300/– | 550/–<br>350/– |
| 2 | निकाय स्थित नाला, नाली, कुएं, तालाब एव अन्य जल स्त्रोत मे कचरा डालने पर | 100/– | 125/– |
| 3 | डोर टू डोर कचरा कलेक्शन मे गीले एव सूखे कचरे को पृथक-पृथक नही देने पर | 10/– | 15/– |
| 4 | नगर मे पॉलिथीन या प्लास्टिक की थैलियो का क्रय/विक्रय एव भंडारण करते पाया जाता है तो उस पर | 500/– | 1000/– |
| 5. | आवारा पालतूपशुओ को सड़क पर छोड़ कर गंदगी करने पर एव मार्ग पर घूमते पाए जाने पर | 500/– | 550/– |
| 6 | थोक कचरा उत्पादकों (50 किलो से अधिक) द्वारा कचरा निष्पादन स्वयं करने पर, प्रतिदिन। | 500/– | 550/– |
| 7. | खुले मे कचरा जलाने पर | 50/– | 100/– |
| 8 | सार्वजनिक स्थलो पर शौच व पेशाब करने पर | 10/– | 20/– |
| 9 | शौचालय का गंदा पानी/मलवा खुले मे छोड़ने पर | 500/– | 550/– |
| 10. | सार्वजनिक स्थलो मार्गो पर थूकने पर | 20/– | 25/– |
| 11. | खुले मे मार्ग खाली प्लाट, नाली आदि मे कचरा फेकने पर | 10/– | 20/– |
| 12. | सफाई कर्मचारियो द्वारा झाडू लगाने के उपरान्त एकत्रित कचरे को निकाय स्थित नाला, नाली, कुएं, तालाब एवं अन्य जल स्त्रोत/खुले मे डालने /फेकने पर | 20/– | 50/– |
| 13 | व्यावसायिक दुकानो/संस्थानों द्वारा झाडू लगाने के उपरान्त एकत्रित कचरे को दुकानो के आस-पास कचरा फेकने एव गंदगी करने पर | 100/– | 200/– |
| क्र. | कार्यवाही विवरण | उपयोग शुल्क | |
| 1 | डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण, संग्रहण एव परिवहन हेतु | 60 रू प्रति माह | |

नोट–1. सूखा एव गीला कचरा अलग अलग डस्टबीन मे ही रखें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला-रीवा (म.प्र.)

## संपादकीय

### जलवायु संकट ने दी दस्तक

जलवायु संकट के प्रतिकूल नतीजे दुनिया भर में दिखने लगे हैं। कहीं समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है, तो कहीं फसलें सूखे की मार झेल रही हैं। हिमनदों के पिघलने और चक्रवाती हवाओं से मनुष्यों के सामने अस्तित्व का संकट गहराने लगा है। दुनियाभर में और खासकर भारत में जिस तरह मौसम का मिजाज बिगड़ा है, यह जलवायु संकट के गंभीर होने का संकेत है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय में हिमालयी क्षेत्र में हिमनदों और झीलों का क्षेत्रफल बढ़ना खतरे की घंटी है। क्या हम फिर केदारनाथ जैसी किसी त्रासदी की प्रतीक्षा कर रहे हैं? भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदाओं का खतरा पहले से ही है।लिहाजा हिमनदों और झीलों के विस्तार को गंभीरता से लेना होगा, क्योंकि इससे न केवल ब्रह्मपुत्र और गंगा जैसी नदियों में पानी की मात्रा पर असर पड़ेगा, बल्कि जैव विविधता के साथ जन-जीवन भी व्यापक रूप से प्रभावित होगा। केंद्रीय जल आयोग की रपट को संज्ञान में लेते हुए राष्ट्रीय हरित पंचाट का केंद्र सरकार को नोटिस सजग करने के लिए ही है। इससे समय रहते हिमनदों को संभालने और नदियों के प्रबंधन की दिशा में कार्य शुरू होगा। हालांकि इसके लिए अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहयोग की आवश्यकता होगी।केंद्रीय जल आयोग की रपट ने संभावित प्राकृतिक आपदा की तस्वीर सामने रखी है और इससे आंखें मूंदे नहीं रहा जा सकता। हिमनदों और झीलों के फटने से बाढ़ का अंदेशा तो है ही, और अगर ऐसा हुआ तो निचले इलाके में रहने वाले लाखों लोगों और जैव-विविधता के लिए यह भयावह होगा। भारत में जिन 67 झीलों की पहचान हुई है, उनके क्षेत्रफल में 40 फीसद की वृद्धि चिंता का विषय है। क्योंकि हिमाचल, लद्दाख और उत्तराखंड जैसे राज्यों में यह विस्तार जोखिम बढ़ा सकता है।इन सभी परिस्थितियों के लिए कहीं न कहीं हम सभी दोषी हैं। हिमनदों का पिघलना कोई एक दिन में नहीं हुआ। कार्बन उत्सर्जन को रोक पाने में नाकामी तो है ही, वहीं जलवायु संकट पर उपेक्षा का भाव भी कम जिम्मेदार नहीं।

**देश में बाल विवाह की प्रथा को रोकने, बढ़ते बाल–विवाह से प्रभावित बच्चों के जीवन को इन त्रासद परम्परागत रूढ़ियों की बेड़ियों से मुक्ति दिलाने के लिये सरकार ने बाल–विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करके एक सराहनीय एवं स्वागतयोग्य उपक्रम से हिम्मत और बदलाव की मिसाल कायम की है। यह एक शुभ संकेत एवं श्रेयस्कर जीवन की दिशा है। यह किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है? क्यों लोग परंपराओं के खूंटे से बंधकर अपने मासूस बच्चों एवं बचपन से खिलवाड़ करते हैं? हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है? 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत दूरगामी मानवीय सोच से जुड़ा एक संवेदनशील आह्वान एक नई सुबह की आहट एवं क्रांति के विस्फोट की संभावना है। यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक संकल्प है, एक रोशनी है, एक मंजिल है, एक सकारात्मक दिशा है। एक वादा है देशभर में बाल विवाह पर जागरूकता फैलाने और समाप्त करने का।**

# बाल विवाह से मुक्ति बेटियों को देगा खुला आसमान

(ललित गर्ग)

यह सुखद बात है कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 2029 तब बाल विवाह की दर को पांच प्रतिशत से नीचे लाने के मकसद से विशेष कार्य योजना बनाने का आग्रह किया है।

देश में बाल विवाह की प्रथा को रोकने, बढ़ते बाल-विवाह से प्रभावित बच्चों के जीवन को इन त्रासद परम्परागत रूढ़ियों की बेड़ियों से मुक्ति दिलाने के लिये सरकार ने बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करके एक सराहनीय एवं स्वागतयोग्य उपक्रम से हिम्मत और बदलाव की मिसाल कायम की है। यह एक शुभ संकेत एवं श्रेयस्कर जीवन की दिशा है। यह किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है? क्यों लोग परंपराओं के खूंटे से बंधकर अपने मासूस बच्चों एवं बचपन से खिलवाड़ करते हैं? हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है? 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत दूरगामी मानवीय सोच से जुड़ा एक संवेदनशील आह्वान एक नई सुबह की आहट एवं क्रांति के विस्फोट की संभावना है। यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक संकल्प है, एक रोशनी है, एक मंजिल है, एक सकारात्मक दिशा है। एक वादा है देशभर में बाल विवाह पर जागरूकता फैलाने और समाप्त करने का। यह नये भारत-सशक्त भारत की बुनियाद है। बाल विवाह रोकने के तमाम कार्यों, योजनाओं और कानूनों के बावजूद अगर कामयाबी नहीं मिल रही है, तो जाहिर है, एक विशेष अभियान छेड़कर केन्द्र सरकार ने सराहनीय कदम उठाया है। यह राष्ट्रीय अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई प्रमुख योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की सफलता से प्रेरित है, जो विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए लड़कियों के बीच शिक्षा, कौशल, उद्यम और उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं बेटियों की आशाओं, आकांक्षाओं, संकल्पों से भरे सपनों की उड़ान को खुला आसमान देने में सक्षम होगा।

यह सुखद बात है कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 2029 तब बाल विवाह की दर को पांच प्रतिशत से नीचे लाने के मकसद से विशेष कार्य योजना बनाने का आग्रह



किया है। यह बचपन की मासूमियत छीनने वाली 'बालविवाह' की बेड़ियों को तोड़ते हुए जागृति का एक शंखनाद किया है, एक समाज-क्रांति के बीज को रोपा गया है। सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें। उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। इसीलिये बाल-विवाह पर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्व सोच रखते हैं?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा भी है कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस बाबत उन समुदायों व धर्मों के लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। केंद्रीय मंत्री ने उचित ही कहा है कि बाल विवाह मानवधिकारों का उल्लंघन और कानून के तहत अपराध है। अच्छी बात है, सरकार ने अब एक तरह से मान लिया है कि कानून को जितना काम करना था, उसने किया इसके आगे अब विशेष अभियान की जरूरत है। बाल विवाह को रोकने के लिए अकेले कानून के भरोसे न बैठते हुए ठोस जागृति-अभियान की अपेक्षा है। अब सरकार ने इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिये कमर कसी है, तो उसका स्वागत होना चाहिए एवं इस अभियान को व्यापक रूप देना चाहिए।

बाल विवाह की कुरीति को देश में व्यापकता से देखने को मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मानवाधिकार उल्लंघन का सबसे खराब स्वरूप है। ठोस प्रयासों के बावजूद आज भी लगभग पांच में से एक लड़की का विवाह विधि सम्मत आयु 18 वर्ष से पहले कर दिया जाता है। किसी शहर में अगर एक विवाह सत्र में 1000 शादियां होती हैं, तो उनमें से 200 शादियों में दुल्हन की उम्र शादी लायक वैध नहीं होती। बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को यह भी बताया कि पिछले एक साल में लगभग दो लाख बाल विवाह रोके गए हैं। मतलब, सामाजिक संस्थाएं और पुलिस काम तो कर रही हैं, पर मंजिल अभी दूर है। बाल विवाह की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, राजस्थान, बिहार, झारखण्ड, असम और आंध्रप्रदेश में है। देश में 300 ऐसे जिले हैं, जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। ऐसा लग रहा है, लोग बेटियों का जीवन तो बचा रहे हैं, प्राथमिक शिक्षा भी देने लगे हैं, पर उन्हें अधिक पढ़ाने और आगे बढ़ाने पर उनका ध्यान नहीं है। बेटियों की जब कम उम्र में शादी होती हैं तो श्रम बल के रूप में न केवल उनकी उत्पादकता, बल्कि देश की क्षमता पर भी असर पड़ता है।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' की भविष्य दृष्टि से प्रेरित नये समाज की संरचना का दूरगामी प्रकल्प है। बच्चों पर बाल विवाह थोपना उनके अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का भी दमन है। भले ही मजबूरी में वे इस थोपे हुए विवाह के लिये राजी हो जाएं, लेकिन उसकी कसक जीवन पर्यंत बनी रहती है। जो उनके स्वाभाविक विकास में एक बड़ी बाधा बन जाता है। निश्चय ही इस बाबत बदलाव लाने के लिये कानून में जरूरी बदलाव लाने के साथ ही समाज में जागरूकता लाने की भी जरूरत है। इन सब दृष्टियों से यह अभियान सदियों से चली आ रही इस त्रासद परम्परा से मुक्ति का माध्यम बनेगा। पढ़ी-लिखी लड़की अगर विवाह-योग्य उम्र से ब्याही जाए, तो वह परिवार और समाज के लिए उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। कम उम्र में विवाह से न केवल संतानों की गुणवत्ता बल्कि परिवार की आर्थिक, सामाजिक और मनावैज्ञानिक क्षमता पर भी असर पड़ता है।

# क्या पाकिस्तान की राह पर बढ़ रहा बांग्लादेश?

**बांग्लादेश में जो गैर-लोकतांत्रिक और गैर-संवैधानिक सरकार काबिज है, उसके खिलाफ भी वहां के मॉडरेट सेकुलर लोग प्रतिरोध कर रहे हैं। इसमें भी वहां की हिंदू कम्युनिटी का योगदान है। जब बांग्लादेश की संस्कृति, संविधान और उसके लोकतंत्र को बचाने के लिए हिंदू कम्युनिटी सड़कों पर आ गई, तो उनके लीडर्स खासकर पुंडरीक धाम के चिन्मय कृष्णदास दास को राष्ट्रद्रोह के केस में बंदी बना लिया गया और उन्हें जमानत भी नहीं दी जा रही है।**

(संजय भारद्वाज)

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार कोई नई बात नहीं है। लेकिन इस बार जिस तरीके से उन पर जुल्म ढाए जा रहे हैं, उन्हें देखते हुए वहां की अस्थायी सरकार की नीयत पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, बांग्लादेश की हिंदू कम्युनिटी हमेशा से लोकतंत्र और बंगाली अस्मिता के लिए आवाज उठाती रही है। 1952 में वह मॉडरेट सेकुलर बंगाली मुस्लिम के साथ बंगाली भाषा के संरक्षण के लिए उतरी। 1971 में बांग्लादेश को स्वतंत्र देश बनाने में उसका योगदान रहा और 2006 में जब जमात के साथ ख्हक की दमनकारी सरकार आई, तो वह उसके खिलाफ ताकतवर आवाज बनी।

**सेकलुर आवाज-** आज बांग्लादेश में जो गैर-लोकतांत्रिक और गैर-संवैधानिक सरकार काबिज है, उसके खिलाफ भी वहां के मॉडरेट सेकुलर लोग प्रतिरोध कर रहे हैं। इसमें भी वहां की हिंदू कम्युनिटी का योगदान है। जब बांग्लादेश की संस्कृति, संविधान और उसके लोकतंत्र को बचाने के लिए हिंदू कम्युनिटी सड़कों पर आ गई, तो उनके लीडर्स खासकर पुंडरीक धाम के चिन्मय कृष्णदास दास को राष्ट्रद्रोह के केस में बंदी बना लिया गया और उन्हें जमानत भी नहीं दी जा रही है।

**चुनाव का दबाव-** बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार पर चुनाव कराने के लिए दबाव बन रहा है। सरकार उसे आगे खिसकाने का प्रयास कर रही है। इसी सिलसिले में वह चाहती है कि वहां पर जो सेकुलर डेमोक्रेटिक फोर्सेज हैं, उनका सरकारी तंत्र के जरिए दमन किया जाए। साथ ही, बहाना यह भी बनाया जा रहा है कि अभी बांग्लादेश में लॉ एंड



ऑर्डर की सिचुएशन खराब है। जब तक कानून-व्यवस्था सही नहीं होगी और जब तक राजनीतिक सुधार नहीं होंगे, तब तक हम चुनाव नहीं कराएंगे। दूसरी ओर, राजनीतिक सुधार के नाम पर संविधान को बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

**संविधान में बदलाव-** बांग्लादेश में संविधान को बदलने का प्रयास कई बार किया गया। 1971 में वहां चले बंगाली राष्ट्रवाद आंदोलन में भारत का बहुत बड़ा योगदान रहा। तब लगभग 10 से 15 हजार भारतीय सैनिकों ने भी अपनी जान दी। उसके बाद लोकतांत्रिक, सेकुलर और समाजवादी संविधान बना। लेकिन जब 1977 में जिया-उर-रहमान सत्ता में आए, तो उसे बदल दिया गया। सेकुलरिज्म को हटाकर तब धार्मिक शब्द लगा दिया। साथ ही, बंगाली राष्ट्रवाद की जगह बांग्लादेशी राष्ट्रवाद लेकर आए और उसका केंद्र इस्लाम को बनाया। कहा गया कि बंगाली मुस्लिम ही बांग्लादेश के नागरिक हैं। तभी से वहां अल्पसंख्यकों को मजबूर किया जाने लगा।

**राजनीतिक भेदभाव-** बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हमेशा से राजनीतिक रूप से भेदभाव होता रहा है। बांग्लादेश में जो संसदीय चुनाव होते हैं, उसमें माइनॉरिटी कम्युनिटी के 10 से 12 मेंबर चुने जाते हैं। उनको अच्छा पोर्टफोलियो नहीं दिया जाता या किसी महत्वपूर्ण पद पर भी नहीं बैठाया जाता। नौकरियों में भी यही हाल है। हालांकि बांग्लादेश में बड़ी संख्या में हिंदू समाज कारोबार से जुड़ा है। वह परफॉर्मेंस और मेरिट के आधार पर तरक्की कर रहा है।

**धार्मिक हमले-** वहां अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों पर हमले होते रहे हैं। पिछले साल ही दुर्गा पूजा में लगभग 35 अटैक हुए। एक दुर्गा पूजा पंडाल में बम से हमला हुआ। इस तरीके की हरकतें बहुसंख्यक क्षेत्रों में हो रही हैं। खासकर- चटगांव, कोमिला और रंगपुर जैसी तीन-चार डिविजन में। चटगांव और रंगपुर में जमात-ए-इस्लामी का काफी प्रभाव है। इन क्षेत्रों से हिंदू और बौद्ध समुदाय को शिफ्ट किया जा रहा है। चटगांव में मुस्लिमों को बसाकर बाकियों को वहां से माइग्रेट करने पर मजबूर किया जा रहा है।

**गृहयुद्ध के संकेत-** यह न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया और विश्व के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है। भारत सरकार ने कहा है कि मोहम्मद यूनुस सरकार को माइनॉरिटी कम्युनिटी पर किसी भी तरीके का प्रॉसिक्यूशन बंद करना चाहिए और उन्हें प्रोटेक्शन दिया जाना चाहिए। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की बात उठाई है। अब भारत और अमेरिका की सरकार को ह्यूमन राइट्स और अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए एक मजबूत रुख दिखाना चाहिए, ताकि पूरे दक्षिणी एशिया में शांति कायम हो। नहीं तो बांग्लादेश एक गृहयुद्ध की तरफ बढ़ता चला जाएगा और उसे पाकिस्तान बनने में देर नहीं लगेगी। (लेखक जेएनयू के एसआईएस में प्रफेसर हैं)

## वर्ग पहेली 5568

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | 5 | |
| | ■ | 6 | | | ■ | | ■ |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | 10 | ■ | 11 |
| 12 | | ■ | 13 | | | ■ | |
| | ■ | 14 | ■ | 15 | | 16 | |
| | ■ | 17 | 18 | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 19 | | 20 | 21 | ■ | 22 |
| 23 | | | ■ | 24 | | | |

संकेत: बाएं से दाएं
1. 9 जुलाई 1900 को मध्यप्रदेश के इस पूर्व राज्यपाल व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता ने जन्म लिया था (8)
6. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, बहुत सवेरे समय का घंटा (3)
7. बिहार स्थित विश्व का प्राचीनतम ज्ञान केंद्र (3)
9. किसी चौपाये के स्तन (2)
12. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
13. अभिलाषा, आरजू, मन्नत (3)
15. नरक निवासी, दो जखी, नारक (4)
17. न्यायाधीश को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
19. उद्यान, वाटिका वर्तमान दौर के एक प्रसिद्ध गीतकार (4)
23. प्रतिष्ठा, इज्जत, कीर्ति, नेमनामी (3)
24. वह जो प्रत्येक कार्य बाएं हाथ से करता हो (4)

ऊपर से नीचे
1. विष्णु भगवान का एक नाम जिनके नाम से एक कथा बहुत अधिक प्रचलित है (6)
2. मध्यप्रदेश का एक छोटा शहर जो एक लिंगी से कुछ पहले स्थित है (3)
3. रहस्य, भेद, कोई गूढ़ बात (2)
4. भय कंपित होना, डर से कांपना, दहलना (5)
5. अतिरिक्त, अधिक, रहित (2)
8. किसी रेखा पर सीधी और खड़ी गिरने वाली रेखा (2)
10. नदी तटवर्ती, तीरवर्ती (3)
11. क्रीडा लक्ष्य प्राप्ति, सफलता, जीत (3)
14. भगतसिंह के साथ इन्हें भी फांसी पर लटकाया गया था (4)
16. ख्याति, प्रसिद्धि, यश (2)
18. पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, स्थान, तीर, आब (2)
20. इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप (2)
21. झूमने का भाव (2)
22. अस्तित्व, वजूद, हाथी (2)

### वर्ग पहेली 5567 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | पा | न | | | अ | स | म |
| ब | ल | भ | द्र | | म | न | न |
| जा | ना | | व | न | ज | | क |
| | पो | ष | ण | | द | स्तु | र |
| को | स | | | | अ | प | ना |
| स | ना | थ | | जा | ली | | |
| | | प | ता | | खां | स | ना |
| | व | की | ल | | | भा | ल |

# 13 साल में क्रिकेट में चमके बिहार के वैभव के आगे शोहरत को संभालने की चुनौती

(विनोद पाठक)

तथागत अवतार तुलसी का नाम आपको याद होगा। बिहार की राजधानी पटना के तथागत उस समय राष्ट्रीय फलक पर छा गए थे, जब उन्होंने मात्र 9 साल की उम्र में मैट्रिक और 12 साल की उम्र में एम.एससी की डिग्री हासिल कर ली थी। तथागत के नाम दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज हैं। छोटी उम्र में शिक्षा के क्षेत्र में बिहार से प्रतिभाएं चमकती रही हैं, लेकिन राज्य का एक क्रिकेटर राष्ट्रीय फलक पर पहली बार इतनी कम उम्र में चमका है। खिलाड़ी का नाम वैभव सूर्यवंशी है। समस्तीपुर के वैभव को इंडियन प्रमियम लीग (आईपीएल) की राजस्थान रॉयल्स टीम ने 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा है।

पहले तथागत अवतार तुलसी की बात करते हैं। तथागत प्रारंभ से मेधावी छात्र थे। वर्ष 1997 में उन्हें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से नवाजा गया। मात्र 21 साल की उम्र में तथागत ने फिजिक्स में पी.एचडी की डिग्री हासिल कर ली और 22 साल की उम्र में आईआईटी, बॉम्बे में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति मिल गई। जिस उम्र में बच्चे पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते, उसे उम्र में तथागत आईआईटी में पढ़ाने लगे थे। हालांकि, समय का चक्र ऐसा घूमा की तथागत की आईआईटी की नौकरी छूट गई। पिछले दिनों यह खबर आई थी कि तथागत अब बेरोजगार हैं। वो अपनी प्रसिद्धि को संभाल कर नहीं रख पाए।

13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का वैभव भी इनदिनों चमक रहा है। मात्र 13 वर्ष का यह बच्चा नया-नया करोड़पति बना है। वैभव ने जिस छोटी उम्र में क्रिकेट की दुनिया में लंबी छलांग लगा दी है, उसके उदाहरण बेहद कम देखने को मिलते हैं। क्रिकेट के मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को भी क्रिकेट की दुनिया में कदम रखने में 14 साल लग गए थे।

14 साल की उम्र में सचिन तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी में बॉम्बे (अब मुंबई) का प्रतिनिधित्व किया। हालांकि, पहले सीजन में उन्हें अंतिम ग्यारह में खिलाड़ियों में खेलने का मौका नहीं मिला था। 15 साल 232 दिन की उम्र में सचिन तेंदुलकर को गुजरात के खिलाफ बॉम्बे की रणजी टीम में खेलने का मौका मिला और उन्होंने इस मैच में नाबाद शतक लगाया था।

वैभव सूर्यवंशी को एक चमत्कारिक खिलाड़ी कहा जा सकता है। मात्र 8 वर्ष की उम्र में वैभव का समस्तीपुर जिले की अंडर-16 टीम में सिलेक्शन हो गया था। वैभव की उम्र को लेकर बीसीसीआई ने बोन टेस्ट भी कराया। वैभव अंडर-19 टीम के लिए भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स टीम ने भी इस बाल खिलाड़ी को लेने से पहले नागपुर में ट्रायल लिया था। वैसे वैभव का बेस प्राइस 30 लाख रुपए था। इस कीमत पर दिल्ली कैपिटल्स ने बोली लगाई थी, लेकिन राजस्थान रॉयल्स ने वैभव को करोड़ रुपए से ऊपर बोली लगाकर ले लिया।

वैभव सूर्यवंशी को मंच मिल गया है, लेकिन उन्हें संभाल कर और अपनी ऊर्जा को बचाकर चलना होगा।

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको कहीं परिवार के लोगों के साथ जरूरी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके व्यापार में प्रगति से आपको काफी हर्ष होगा। वैवाहिक जीवन भी आनन्ददायक बीतेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा महसूस होगा और आपका कुछ कम होगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है

### वृष
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको मन के मुताबिक हर कार्य में परिणाम प्राप्त होने से खुशी होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। किसी बहुप्रतिक्षित शुभ परिणाम से भी हर्ष होगा। रात्रि का समय परिवार के लोगों के साथ हंसी खुशी में बीतेगा। जिससे आपके दिमाग को भी रिलेक्स मिलेगा।

### मिथुन
आज दिन फायदेमंद रहेगा और आपको अच्छे समाचार मिलने से खुशी होगी। आपके बेवजह के खर्चे कम होंगे। अगर आप किसी बीमारी से परेशान हैं तो आज तकलीफ बढ़ सकती है। सामाजिक कामों में रुकावटें आ सकती हैं। इसलिए कोई भी काम सोच-समझकर ही करें। अचानक कुछ लाभ होने से आपका धर्म-कर्म में मन लगेगा।

### कर्क
आज का दिन शुभ है। किस्मत का साथ मिलेगा। आपकी मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। बच्चों पर आपका भरोसा और बढ़ेगा। आपको मन में खुशी होगी और आपके सितारे साथ देंगे। आपको ननिहाल के लोगों से खास मदद मिल सकती है। आपका मन प्रसन्न रहेगा।

### सिंह
आज का दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक परेशानी की वजह से तनाव हो सकता है। किसी काम में मन नहीं लगेगा। माता-पिता के सहयोग से दिन के दूसरे हिस्से में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से नाराजगी हो सकती है। इसलिए मीठा बोलें, वरना रिश्तों में खटास आ सकती है। आपको डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है।

### कन्या
आज दिन सामान्य रहेगा और आपके सभी रुके हुए काम पूरे होंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। मुश्किल कामों को पूरा करने में आप सक्षम रहेंगे। घरवालों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपके जीवन में खुशहाली आएगी। फिजूलखर्ची भी हो सकती है, सावधान रहें और दूसरों की बात का बुरा न मानें। व्यापार में धन लाभ होगा। दिन आनंद में बीतेगा।

### तुला
आज का दिन करियर और पैसों के मामले में अच्छा है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों के काम पूरे करने के लिए आपको ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। अपने गुरु के प्रति पूरी श्रद्धा और निष्ठा रखें। अगर किसी नए काम में पैसा लगाना पड़े तो दिल खोलकर लगाएं।

### वृश्चिक
आज मन किसी कारण से अशांत रहेगा। व्यापार बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास असफल हो सकते हैं। शाम तक आप अपनी बुद्धि और धैर्य से दुश्मनों पर जीत हासिल करेंगे। अगर कोई मुकदमा चल रहा है तो उसमें जीत मिल सकती है। भाग्य में वृद्धि होगी। इससे आपका मन खुश रहेगा और आपको फायदा होगा।

### धनु
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर लापरवाही दिखाने से बचना होगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप व्यस्त रहने के कारण अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं, जिसे आपको पूरा करना होगा।

### मकर
आज सम्मान में वृद्धि होने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। पराक्रम में वृद्धि होगी। शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्द्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कारोबार में सफलता प्राप्त होगा।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके विचारों की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन खुद को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए व्यायाम करें।

### मीन
आज आप अपनी योजनाओं को अमल में लाने में सफल रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। धन लाभ के संकेत हैं। पारिवारिक जीवन में शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन दिनचर्या में सुधार लाने का प्रयास करें।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में घर बैठे मिलेगी बसों की पूरी जानकारी, मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया ऐप



रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में बसों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक ऐप लॉन्च किया है, जिसके जरिए बसों की समय-सारणी और रूट की जानकारी घर बैठे मिल सकेगी। छत्तीसगढ़ में बस यात्रियों को अब बस की समय-सारणी और बस रूट की जानकारी घर बैठे मिल सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सुशासन की अवधारणा पर अमल करते हुए यात्रियों की यात्रा को सुगम और सरल बनाने के लिए 'बस संगवारी ऐप' लॉन्च किया। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बस संगवारी ऐप बस यात्रियों, विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक होगा। निकट भविष्य में इस ऐप के माध्यम से अंतर्राज्यीय बसों के परिवहन और बसों के रियल टाइम ट्रेकिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अभी यात्रियों को बस की टाइमिंग पता करने के लिए बस स्टैंड या बस स्टॉप पर जाना पड़ता है। लोगों की इस परेशानी का समाधान इस ऐप के जरिए मिल सकेगा। परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश ने बस संगवारी ऐप के संचालन के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा तैयार कराए गए इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकेगा। इस ऐप के माध्यम से यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधाजनक होगा। इस ऐप में वर्तमान में पांच हजार से अधिक बसों को शामिल किया गया है, जो विभिन्न रूट पर संचालित हैं। जल्द ही अंतर्राज्यीय बसों के संचालन की जानकारी भी इस ऐप के माध्यम से मिल सकेगी। बसों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है। बस संगवारी ऐप को जीपीएस के साथ एकीकृत किया जा रहा है, जिससे बसों की लाइव ट्रेकिंग भी की जा सकेगी।

### गुमशुदगी के पोस्टर वायरल होने पर बोलीं कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट- जिंदा हूं, अपने लोगों के बीच हूं

जुलाना, एजेंसी। हरियाणा के जुलाना विधानसभा हलके से कांग्रेस विधायक और ओलंपियन विनेश फोगाट ने अपनी गुमशुदगी के पोस्टर वायरल होने के मामले में जवाब दिया है। विनेश ने कहा कि मैं जुलाना में ही हूं, जिंदा हूं और कहीं गुमशुदा नहीं हूं। मैं अपनों के बीच रही हूं और अपनों के बीच ही रहूंगी। उन्होंने कहा कि यह लोगों की छोटी मानसिकता है। वो गुमशुदा नहीं है और जिंदा है। विधायक बने अभी एक महीना ही तो हुआ है। ऐसे में वो लगातार लोगों के बीच जा रही हैं। जुलाना की समस्याओं को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाएगा और जो भी संभव समाधान होगा, करवाया जाएगा। विकास के मामले में जुलाना हलके को पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा विधायक बनना उन्हें यह हजम नहीं हो रहा इनको हजम नहीं हो रहा कि कोई लड़की जुलाना विधानसभा से पहली बार टिकट लेकर चुनाव जीत गई। वहीं, विनेश फोगाट ने शुक्रवार को जींद स्थित अपने कार्यालय पर लोगों की समस्याएं भी सुनी। विनेश ने जनसमस्या सुनने को दरबार कहे जाने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि अपने लोग आ रहे हैं। मैं उनकी बात सुन रही हूं। यह काम लगातार होता रहेगा। कोई आएगा तो उसकी बात सुनेंगे। कोई काम होगा तो हम करेंगे। विनेश ने कहा कि अभी मेरे पति यहां है। 2-3 भाई हैं, वह भी पूरा संभाल रहे हैं। वह सभी चीजों को नोट करते हैं। हफ्ते में 2 दिन मैं भी यहां पर रुकती हूं और लोगों की समस्या का हल करने का प्रयास करती हूं। कुछ दिनों से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के गुमशुदगी के पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे थे। विपक्ष के लोग पोस्टर पर चुटकियां भी ले रहे हैं। पोस्टर में लिखा था कि लापता विधायक की तलाश। साथ ही पोस्टर में नीचे लिखा है कि पूरा विधानसभा सत्र निकल गया।

### सांसद मुरलीधर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात : दिल्ली से पुणे तक स्लीपर वंदे भारत ट्रेन की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। देशभर में लगभग सभी राज्यों में वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। जल्द ही स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों की भी शुरुआत होगी। वहीं, जनवरी, 2025 में दिल्ली से कश्मीर तक वंदे भारत चलने जा रही है। इन सबके बीच, दिल्ली और पुणे के रहने वाले लोगों को भी खुशखबरी मिल सकती है। दरअसल, पुणे से सांसद मुरलीधर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करके दिल्ली से पुणे के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने की मांग की है। यदि यह मांग मान ली जाती है तो यात्रियों की बल्ले-बल्ले हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार, मीटिंग के समय सांसद ने वंदे भारत मेट्रो की भी शुरुआत करने की मांग की। उन्होंने इसके लिए पुणे-सोलापुर, पुणे-नासिक और पुणे-कोल्हापुर मार्ग पर वंदे भारत मेट्रो चलाने का प्रपोजल रेल मंत्री को दिया। हालांकि, अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इस पर जल्द कोई निर्णय लिया जा सकता है। वहीं, पुणे और जोधपुर के बीच नियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या का हवाला देते हुए सांसद ने रेल मंत्री से इन दोनों शहरों के बीच ट्रेनों की आवृत्ति को भी बढ़ाने का अनुरोध किया। बता दें कि भारतीय रेलवे देश में पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने की तैयारी कर रहा है, जो श्रीनगर और नई दिल्ली के बीच चलेगी।

# हिमाचल: बस में राहुल गांधी के खिलाफ सुनी जा रही थी डिबेट, ड्राइवर-कंडक्टर को थमा दिया नोटिस



शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में समोसे की सीआईडी जांच की ही तरह एक अनोखा मामला सामने आया है। राज्य सरकार के उपक्रम हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस के ड्राइवर और कंडक्टर को एचआरटीसी प्रबन्धन ने इसलिए नोटिस थमा दिया, क्योंकि उनकी बस में सफर कर रहे एक यात्री के मोबाइल पर एक डिबेट चल रही थी जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ बातें बोली जा रही थीं। बस में ही बैठे एक अन्य यात्री ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय से कर दी। इसके बाद यह शिकायत सचिवालय और एचआरटीसी प्रबंधन तक पहुंची।

दिलचस्प बात यह है कि इस शिकायत को इतनी गंभीरता से लिया गया कि एचआरटीसी प्रबंधन ने इस पर जांच बिठा दी और एचआरटीसी शिमला लोकल डिपो ने बस के ड्राइवर टेक राज और परिचालक शेष राम से इस पूरी घटना का स्पष्टीकरण मांग लिया। प्रबंधन ने बस के ड्राइवर और कंडक्टर से तीन दिन के भीतर लिखित में जवाब देने को कहा। इस मामले ने जब तूल पकड़ा तो एचआरटीसी प्रबंधन ने अपना स्पष्टीकरण निरस्त कर दिया और साफ किया कि संबंधित बस के ड्राइवर और कंडक्टर पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाएगी। एचआरटीसी प्रबंधन ने बाकायदा एक प्रेस रिलीज जारी की है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि शिकायतकर्ता द्वारा ऑडियो को बस में चलाने के कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गए। ऐसे में स्पष्टीकरण को निरस्त कर दिया गया है। एचआरटीसी प्रबंधन के इस गजब कारनामे की खूब चर्चा हो रही है और लोग इसे हाल ही में सामने आये समोसा प्रकरण की सीआईडी जांच से कर रहे हैं।

**यह है पूरा मामला :** मामले के अनुसार यह घटना 5 नवंबर को शिमला से संजौली रूट पर चलने वाली एक एचआरटीसी बस में सामने आई। शिकायतकर्ता सैमुयल प्रकाश ने शिकायत दी कि सरकारी बस में तेज आवाज में एक ऑडियो चल रहा था, जिसमें संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और भारत सरकार समेत कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ अपमानजनक और दुष्प्रचार सामग्री प्रसारित की जा रही थी।

सैमुयल प्रकाश की इस अनोखी शिकायत पर एचआरटीसी प्रबंधन ने जांच बिठाई और संबंधित बस के ड्राइवर और कंडक्टर को नोटिस जारी कर इस मामले में तीन दिन के भीतर लिखित में स्पष्टीकरण मांगा। नोटिस में लिखा गया कि सार्वजनिक तौर पर सरकारी बस में इस तरह से किसी भी राजनेता के विरुद्ध ऐसी वार्ता का ऑडियो चलाना सही नहीं है और ड्राइवर और कंडक्टर परिचालक का पहला कर्तव्य बनता था कि किसी भी तरह के आपत्तिजनक वीडियो को सरकारी वाहन में निषेध करें लेकिन आप दोनों यह करने में असमर्थ रहे। नोटिस में साफ किया गया कि तीन दिन में जवाब नहीं देने पर ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**ड्राइवर-कंडक्टर ने आरोपों को किया खारिज :** ड्राइवर और कंडक्टर ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया। उनका कहना है कि वे किसी भी प्रकार के राजनेताओं के खिलाफ ऐसी सामग्री प्रसारित करने में शामिल नहीं थे। उन्होंने दावा किया है कि वे बस में चलने वाले ऑडियो से अनजान थे और किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार में उनका हाथ नहीं है। इसके बाद एचआरटीसी प्रबन्धन की तरफ से प्रेस विज्ञप्ति जारी हुई जिसमें कहा गया कि प्रारम्भिक जाँच में चालक और परिचालक द्वारा दिए गए जवाब में यह पाया गया कि इस तरह की घटना उनकी बस में नहीं हुई है और शिकायतकर्ता द्वारा ऐसा कोई भी साक्ष्य सलंग्न नहीं किया गया है जिसके आधार पर चालक व परिचालक के विरुद्ध कोई कार्यवाही अमल में लाई जाये।

**भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने पूछा यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन :** इस घटनाक्रम पर कांग्रेस से भाजपा में आये विधायक सुधीर शर्मा ने सरकार पर तंज कसा और कहा कि यह कैसी व्यवस्था परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार रोजाना कुछ न ऐसा काम करती है, जिससे हिमाचल प्रदेश की फजीहत राष्ट्रीय स्तर पर होती है। उन्होंने कहा कि सरकारी बस में ड्राइवर का काम बस चलाना है और कंडक्टर का काम टिकट काटना होता है। बस में दोनों अपना काम कर रहे थे। इस बीच अगर कोई यात्री अपने फोन पर डिबेट सुन रहा था, तो ड्राइवर कंडक्टर उसे कैसे रोक सकते थे। सुधीर शर्मा ने कहा कि सरकार को अगर इतनी चिंता है, तो बस में मार्शल की नियुक्ति कर देनी चाहिए जो लोगों के फोन पर यह देखा करे कि किसके फोन में क्या वीडियो चल रहा है। सुधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की वजह से स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हो चुकी है।

## अहमदाबाद में नकली ऑस्ट्रेलियाई डॉलर छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



अहमदाबाद, एजेंसी। अहमदाबाद एसओजी क्राइम ब्रांच ने नकली ऑस्ट्रेलियाई नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए लोगों में भारतीय मूल का ऑस्ट्रेलियाई नागरिक भी शामिल है, जिसने कथित तौर पर वटवा इलाके में एक प्रेस में नकली डॉलर छापे थे. एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, एसओजी क्राइम ब्रांच की टीम ने रौनक राठौड़ को गिरफ्तार किया तो उसने अहमदाबाद के वेजलपुर इलाके में 50 डॉलर के नकली ऑस्ट्रेलियाई डॉलर को बाजार में चलाने की बात कही. पूछताछ के दौरान, राठौड़ ने बताया कि उसने नकली डॉलर खुश पटेल नामक एक दोस्त से लिए थे, जिसने उसे नकली डॉलर चलाने करने का काम सौंपा था. राठौड़ द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, एसओजी क्राइम ब्रांच ने खुश पटेल को गिरफ्तार किया. इसके बाद खुश पटेल ने अपने दो दोस्तों मौलिक पटेल और ध्रुव देसाई की पहचान बताई जो एक प्रिंटिंग प्रेस के मालिक हैं. फलस्वरूप सभी को गिरफ्तार कर लिया गया. इस सिलसिले में पुलिस ने 50 नकली डॉलर और नकली नोट की 18 शीट बरामद की हैं. वहीं ध्रुव के प्रिंटिंग प्रेस पर छापा मारकर पुलिस ने प्रिंटर, कंप्यूटर और कुछ नोट बनाने वाले उपकरण समेत 11 लाख रुपये से अधिक का सामान जब्त किया. जांच में पता चला कि नकली नोटों के धंधे का मास्टरमाइंड मौलिक पटेल है, जो पिछले 20 सालों से ऑस्ट्रेलिया में रह रहा है. मौलिक के पास एमबीए की डिग्री है और वह ऑस्ट्रेलिया में ट्रांसपोर्ट के कारोबार से जुड़ा है. जल्दी पैसे कमाने की चाहत में मौलिक ने अहमदाबाद में अपने दोस्त ध्रुव से संपर्क किया. मौलिक और ध्रुव ने अपने दो अन्य दोस्तों के साथ मिलकर नकली डॉलर छापने का फैसला किया. इसके लिए ध्रुव के प्रिंटिंग प्रेस में 11 लाख रुपये की नई मशीन लगाई गई और उन्होंने नकली डॉलर छापना शुरू कर दिया।

## हत्या के दोषी 104 साल के बुजुर्ग को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी

नईदिल्ली, एजेंसी। हत्या के दोषी 104 साल के बुजुर्ग को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में साल 1920 में जन्मा रसिक चंद्र मंडल 1988 में की गई एक हत्या का दोषी है। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सीजेआई खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने अपने आदेश में कहा, हम निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता मंडल को रिट याचिका के लंबित रहने के दौरान ट्रायल कोर्ट की शर्तों पर अंतरिम जमानत दी जाए। रसिक चंद्र मंडल को 1988 के हत्याकांड में 1994 में दोषी ठहराया गया था, तब वह 68 साल का था। उसे उम्रकैद की सजा हुई। इस दोषसिद्धि के खिलाफ उसकी अपील को 2018 में कलकत्ता हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, मगर यहां भी उसे निराशा हाथ लगी। मंडल ने 2020 में एससी के समक्ष एक नई अपील दायर की, तब वह 99 साल का हो चुका था। उसने बुढ़ापे और बीमारियों का हवाला देते हुए समय से पहले रिहाई की गुहार लगाई। रिटायर्ड जस्टिस ए अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने इस केस में 7 मई, 2021 को पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया। इसमें सुधार गृह के अधीक्षक को मंडल की शारीरिक स्थिति और स्वास्थ्य के बारे में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा जहां वह 14 जनवरी, 2019 से जेल में है।

# चंडीगढ़ में रैपर बादशाह के क्लब के बाहर हुए धमाके मामले में पुलिस का ऐक्शन, दो गिरफ्तार

चंडीगढ़ , एजेंसी। चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित रैपर बादशाह के सेविले क्लब और एक अन्य नाइट क्लब डिओरा के बाहर बम धमाके के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में एक हरियाणा के सिरसा और दूसरा पंजाब के खरड़ का रहने वाला है। डिओरा क्लब में बम विस्फोट मामले में क्लब संचालक के एक पार्टनर युवक अर्जुन को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक एक एएसआई का बेटा है और उसने कुछ दिन पहले क्लब के एक अन्य संचालक को धमकियां दी थी। आरोपी युवक को क्राइम ब्रांच में ले जाकर पूछताछ की जा रही है।

**गोल्डी बराड़ ने ली थी ब्लास्ट की जिम्मेदारी :** 24 नवंबर को सेक्टर-26 स्थित डिओरा और सेवले क्लब के बाहर बाइक पर आए दो युवक विस्फोट करके मौके से फरार हो गए थे। धमाके से क्लब के शीशे चटक गए थे। मंगलवार को लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप के गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने इस बम ब्लॉस्ट की जिम्मेदारी ली थी। फेसबुक पर पोस्ट डाल कर लिखा था कि चंडीगढ़ में हुए बम ब्लॉस्ट हमने करवाया है। उन्होंने कहा कि जिस सेविले बार और लाउंज रेस्टोरेंट के बाहर धमाका किया गया है, उसका मालिक रैपर बादशाह है। उसे रंगदारी के लिए कॉल किया था लेकिन उसने रिसीव नहीं किया इसीलिए दो क्लबों के बाहर धमाके करवाए गए। सोशल



मीडिया पोस्ट में लिखा है कि दो ब्लास्ट की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा लेते हैं। इन दोनों क्लबों के मालिकों को प्रोटेक्शन मनी के लिए फोन किया था। मगर, इन्हें हमारी कॉल की घंटी नहीं सुनाई दे रही थी। इनके कान खोलने के लिए धमाके किए। जो भी हमारे कॉल्स को इग्नोर कर रहे हैं, वह समझ जाएं कि इससे कुछ बड़ा हो सकता है।

**बादशाह ने पिछले साल खोला था क्लब :** चंडीगढ़ में सेक्टर 26 स्थित दो नाइट क्लबों के बाहर धमाका हुआ था। जिन दो नाइट क्लबों में विस्फोट हुआ उनमें से सेवेल बार एंड लाउंज के मालिक रैपर बादशाह हैं। दो अज्ञात बाइक सवारों ने देसी बम से ये विस्फोट किया।

धमाके के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। घटना के दौरान नाइट क्लब की खिड़कियां भी टूट गईं। वारदात में जो बम इस्तेमाल हुए हैं, उनमें कील और ज्वलनशील पदार्थ भरा हुआ था। मौके पर इससे जुड़ी हुई चीजें भी बरामद हुई हैं। पुलिस के मुताबिक देसी बम फोड़े गए हैं। ये बहुत ही कम क्षमता का ब्लास्ट था और इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। रैपर बादशाह ने पिछले साल दिसंबर में सेविले क्लब खोला था। जिस वक्त धमाका किया गया उस वक्त नाइट क्लब बंद थे ऐसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ था।

## मणिपुर की इंफाल घाटी, जिरीबाम जिले में स्कूल, कॉलेज फिर से खुले

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर की इंफाल घाटी और जिरीबाम जिले में 13 दिनों के अंतराल के बाद शुक्रवार को स्कूल और कॉलेज फिर से खुल गए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. घाटी के जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार होने के साथ राज्य की राजधानी इंफाल में स्कूली यूनिफॉर्म में छात्र और उनके अभिभावक बसों का इंतजार करते देखे गए. शिक्षा निदेशालय और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने गुरुवार को इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, काकचिंग, थौबल और जिरीबाम जिलों में कक्षाएं फिर से शुरू करने का आदेश दिया था. केंद्र सरकार के अधिकारी के. बिकन सिंह, जिनके दो बच्चे इंफाल के एक निजी स्कूल में पढ़ते हैं, ने कहा कि यह बहुत राहत की बात है कि स्कूल फिर से खुल गए हैं.




मेरे बच्चे छठवीं और सातवीं कक्षा में पढ़ते हैं, उनकी अंतिम परीक्षाएं दिसंबर के दूसरे सप्ताह से शुरू होने वाली थीं और पाठ्यक्रम के कुछ हिस्से अब भी पूरे नहीं हुए हैं. स्कूल फिर से खोलने से शिक्षकों को अपने छात्रों के साथ संवाद का मौका मिलेगा. मणिपुर और असम में क्रमशः जिरी और बराक नदियों से तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव बरामद होने के बाद घाटी के जिलों और जिरीबाम में शैक्षणिक संस्थान 16 नवंबर से बंद थे. इस बीच एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, राज्य सरकार ने शुक्रवार को घाटी के सभी पांच जिलों और जिरीबाम में सुबह पांच बजे से शाम चार बजे तक कर्फ्यू में ढील देने का आदेश दिया है ताकि लोग आवश्यक वस्तुएं और दवाएं खरीद सकें. सरकारी आदेश के अनुसार कि जिलों में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने के कारण लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंधों में ढील देने की आवश्यकता है, ताकि लोगों को दवाइयां और खाद्य पदार्थ सहित आवश्यक वस्तुएं खरीदने में सुविधा हो सके. शुक्रवार को सुबह पांच बजे से शाम चार बजे तक लोगों के अपने आवास से बाहर निकलने पर प्रतिबंध हटाया जाता है. इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल के जिला मजिस्ट्रेट ने अलग-अलग आदेश जारी किए. आदेश में कहा गया है कि छूट में सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त किए बिना कोई भी सभा / धरना / रैली नहीं होगी।

## केंद्र सरकार से नहीं संभल रही दिल्ली की कानून व्यवस्था, केजरीवाल बोले- आज हर कोई डरा हुआ है

नईदिल्ली, एजेंसी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ कड़ी आलोचना की और उस पर दिल्ली को गैंगस्टरों द्वारा शासन करने की अनुमति देने का आरोप लगाया। दिल्ली विधानसभा में आप विधायक और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, दिल्ली की कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है, खासकर 2019 के बाद से जब अमित शाह गृह मंत्री बने। वह दिल्ली को संभाल नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हत्या की घटनाएं अक्सर हो रही हैं। केजरीवाल ने कहा कि लोगों को रंगदारी के लिए फोन आ रहे हैं। खुलेआम गैंगवार और गोलीबारी हो रही है। जो हमने फिल्मों में देखा वो आज दिल्ली में हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में अपहरण हो रहे हैं। महिलाओं का अपहरण, बलात्कार और हत्या कर दी जाती है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कहर बरपाया है। लॉरेंस बिश्नोई खुद साबरमती जेल में बंद हैं जो बीजेपी शासित राज्य गुजरात में स्थित है। उन्होंने सवाल किया कि वहां की जेल से वह दिल्ली में रंगदारी का रैकेट कैसे चला रहा है? इससे पहले दिल्ली विधानसभा के पांच साल के कार्यकाल के अंतिम सत्र के पहले दिन शुक्रवार को बस मार्शलों को हटाने के मुद्दे पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए।



मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि मार्शलों को बहाल करने का प्रस्ताव उपराज्यपाल के पास लंबित है। इस मुद्दे पर चर्चा में भाग लेते हुए आतिशी ने कहा कि अगर उपराज्यपाल वी के सक्सेना 10,000 बस मार्शलों की बहाली के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए राजी हो जाएं तो आम आदमी पार्टी (आप) रोहिणी विधानसभा सीट से विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी। हल्के-फुल्के अंदाज में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यदि गुप्ता प्रस्ताव उपराज्यपाल से स्वीकृत करा देते हैं तो वह चुनाव में उनके लिए प्रचार करेंगी। उन्होंने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का बचाव किया, जिन पर भाजपा ने नवंबर 2023 से बस मार्शलों को हटाने का निर्देश देने का आरोप लगाया था।

# ईवीएम पर कांग्रेस में ही कलह? सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव में जिक्र तक नहीं, चुनाव आयोग पर जरूर उठाए सवाल

नईदिल्ली, एजेंसी। हरियाणा और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों में एक के बाद एक हार के बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव की मांग को लेकर राष्ट्रीय आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। बैठक में चुनाव आयोग (ईसी) पर पक्षपाती कार्यप्रणाली के आरोप लगाए गए। हालांकि, कांग्रेस इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर खामोश रुख अपनाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हाल ही में बैलट पेपर की वापसी की मांग की थी, लेकिन चार घंटे से अधिक चली बैठक में इस पर आम सहमति बनी कि चुनावी धांधली के मुद्दे को व्यापक रूप से उठाया जाना चाहिए। बैठक के अंत में पारित प्रस्ताव में ईवीएम का उल्लेख नहीं किया गया। प्रस्ताव में कहा गया, सीडब्ल्यूसी मानती है कि पूरी चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गया है। चुनाव आयोग की पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली के कारण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंच रहा है। कांग्रेस इन सार्वजनिक चिंताओं को राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में उठाएगी।

**हरियाणा और महाराष्ट्र में हार का कारण चुनावी धांधली :** कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को अकल्पनीय बताते हुए हार के लिए चुनावी धांधली को जिम्मेदार ठहराया। प्रस्ताव में कहा गया, हरियाणा में हमारी उम्मीदों के विपरीत परिणाम



आए। कांग्रेस को बहुमत से सरकार बनानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। महाराष्ट्र में हमारी हार और एमवीए सहयोगियों का प्रदर्शन चौंकाने वाला और सामान्य समझ से परे है। यह स्पष्ट रूप से लक्षित धांधली का मामला लगता है।

**बैठक में किसने क्या कहा :** प्रियंका गांधी वाड्रा ने बैलट पेपर की वापसी की मांग को दोहराया और कहा कि यह चुनावों को निष्पक्ष बनाने का एकमात्र तरीका है। राहुल गांधी ने सुझाव दिया कि ईवीएम का मुद्दा निष्पक्ष चुनाव की व्यापक मांग का हिस्सा होना चाहिए। शशि थरूर ने ईवीएम को लेकर एक अलग दृष्टिकोण रखा, लेकिन राहुल गांधी ने कहा कि यह मुद्दा जनता के बीच गहराई से गूंजता है। गौरव गोगोई ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में धांधली केवल ईवीएम तक सीमित नहीं है। इसमें चुनाव आयोग का पक्षपातपूर्ण रवैया, मतदाता सूची में छेड़छाड़ और मतदाताओं को दबाने जैसे मुद्दे भी शामिल हैं।

**चुनावी प्रक्रिया की खामियों पर फोकस :** एआईसीसी मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा, यह केवल ईवीएम का मुद्दा नहीं है। यह पूरी चुनावी प्रक्रिया का मामला है। मतदाता सूची में अवैध नाम जोड़ने और हटाने के मुद्दे हमने बार-बार उठाए, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया। यह प्रक्रिया कैसे प्रभावित हो रही है, यह चिंता का विषय है।

**आंतरिक समीक्षा और सुधार की मांग :** हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों पर कांग्रेस ने आंतरिक समीक्षा के लिए समितियां गठित करने का निर्णय लिया। हरियाणा के नेताओं रणदीप सुरजेवाला, कुमारी शैलजा और दीपेंद्र हुड्डा ने बैठक में कुछ नहीं कहा। छत्तीसगढ़ के नेता ताम्रध्वज साहू ने सुझाव दिया कि चुनाव अभियान और उम्मीदवार चयन का जिम्मा किसी एक व्यक्ति पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

# ग्राम गड़ोखर के निजी भूमि पर अवैध पानी टंकी का निर्माण तत्काल बंद जाये : पाण्डेय



**पन्ना।** तहसील मुख्यालय अमानगंज जिला पन्ना के अधीन ग्राम गड़ोखर में आरआजी नम्बर 683/2 रकवा 0.05 आरे संकट मोचन आश्रम ग्राम गड़ोखर स्थित निजी भूमि पर बिना पूंछताछ अर्थात् खसरा खतोनी को देखे बिना अपनी मन मर्जी से पीएचईडी उप संभाग पवई में पदस्थ एसडीओ पंकज तनत्ववाये एवं उपयंत्री हरीशंकर गुप्ता द्वारा बीते लंबे समय से निजी भूमि पट्टे की जमीन पर पानी टंकी बनाई गई, बाद में अवैध निर्माण होने के चलते टंकी गिराई गई। इस संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार अमानगंज एवं सुनवानीकलॉं आर आई द्वारा जब मौके पर जा कर पट्टा देखा गया, तब इसके पश्चात् संबंधित पानी टंकी निर्माण पर न्यायालय आदेश दिनांक 7 अक्टूबर 2024 के तहत स्थग्न आदेश जारी करने के साथ ही अमानगंज थाना स्टाप ने स्वंय जा कर संबंधित ठेकेदार दल बल को कार्य प्रणाली पर तत्काल रोक लगाई गई। इस संबंध में भूमि स्वामी डॉक्टर एम पी पान्डेय ने मीडिया प्रभारी जिला पन्ना को लिखित ब्यान में बताया कि 26 जनवरी 1960 की स्थिती में उनके बब्बा जी आचार्य नाथुराम पान्डेय द्वारा स्थापित संकट मोचन आश्रम स्थापन पश्चात् अगल बगल के एक दर्जन ग्रामो के निवासी यह मंदिर मे आ कर पूजा विधि विधान से करते है। आज की स्थिती में पवई निवासी उपयंत्री हरीशंकर गुप्ता नें आ कर न्यायालय नायाब तहसीलदार प्रांगण मे बताया कि निजी भूमि स्वामी होने के नाते हम सामने वाले को भूमि का मुआवजा देने मे सक्षम नहीं है, कुल मिलाकर आज की स्थिती में सागर निवासी ठेकेदार जो स्वंय में अरब पति होने के नाते उपर से दबाव डालकर स्टे आडर खोलने के लिए विभिन्न स्तर से कागजी कार्यवाही कराते है इससे न्यायालय तहसीलदार उनका स्टाप एवं भूमि स्वामी शारिरिक, मानसिक रूप से काफी परेशान देखे जा रहे है। भूमि स्वामी डॉक्टर एम पी पान्डेय नें न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को सादर प्रस्तुत विनय पत्र मे लेख किया है कि पूर्व से जारी स्थग्न आदेश बरकरार रखा जावें ता कि अवैध निर्माण मंशुवा पूरा न हो सकें। आम जनता जनार्दन की विनय पर विद्यवान जिलाधीश पन्ना से अपेक्षा की जाती है कि इधर उधर नेता गिरी एवं पैसे का दबाव डालकर सागर निवासी ठेकेदार पीएचईडी अधीक्षण यंत्री पन्ना महेन्द्र सिंह पवई एसडीओ पंकज तत्वायं द्वारा मन गड़त कहानी के आधार पर अवैध पानी टंकी का निर्माण अग्रिम आदेश तक के लिए रोका रखा जावे। ऐसी आम जनता की विनय है।

## केन बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित जिले के आदिवासी जयस संगठन के बैनर तलें 16 दिसंबर को करेगें विरोध प्रदर्शन



**पन्ना।** देश की प्रथम नदी जोड़ो परियोजना के तहत आदिवासी ग्रामों के विस्थापन में चल रही मनमानी के विरोध में 16 दिसंबर को बड़े आंदोलन की तैयारी जयस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में केन बेतवा लिंक परियोजना प्रभावित 8 आदिवासी ग्रामों के लोगों की ग्राम कोनी में बैठक संपन्न हुई। जिसमें देश की प्रथम नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत पन्ना जिले के 8 आदिवासी ग्रामों का विस्थापन किया जा रहा है। जिसमें तमाम विसंगतियां सामने आ रही हैं। जयस जिला अध्यक्ष पन्ना मुकेश कुमार गौड़ के आह्वान पर ग्राम कोनी में 8 ग्रामों के लोग एकत्र हुए तथा अनेक मुद्दो पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से अंतिम राशि वितरण तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चे बच्चियों को विशेष पैकेज में शामिल किया जाये। निवास के लिए प्रत्येक परिवार को भूमि आवंटित की जाये। जहां पर भी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को बसाया जाए वहां सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य व शिक्षा की व्यवस्था की जाये। भूमिहीन परिवारो के एक-एक सदस्य को परियोजना में रोजगार दिया जाये। पुन: सर्वे करवाकर मुआवजा राशि में वृद्धि की जाये। मांगों के संबंध में 16 दिसंबर को महा आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई, जयस जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार गौड़ ने बताया कि 16 दिसंबर को विशाल रैली के माध्यम से 8 ग्रामों के हजारों लोग पन्ना कलेक्ट्रेट का घेराव कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। मांगे पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे।

# कालाबजारी की जानकारी मिलने पर पुलिस नें दो ट्रक खाद से भरें पकड़े

### कृषी विभाग के किये हवाले



**पन्ना।** जिलें मे खाद की काला बाजारी जहां एक ओर चरमसीम पर चल रहीं है, वहीं दूसरी ओर शासकीय गोदामों में खाद के लिए किसानो की लंबी लाईने लग रहीं है। किसान खाद पाने के लिए दर दर की ठोकरे खाते हुए भठक रहा है। व्यापारी उंचे दामों मे किसानो को खाद बेच रहें है। इसी प्रकार का मामला सामने आया है, जिसमें दो ट्रक सतना से डीएपी खाद लेकर चले थे, जिसमें एक ट्रक की बिलटी अमानगंज के लिए बनीं थी, तथा एक ट्रक की बिलटी सलेहा के लिए बनीं थी, लेकिन जिन ट्रको मे खाद लदी थी, उन ट्रको के नम्बर अलग अलग थें। दोनो ट्रक सलेहा में वीरेन्द्र जैन के गोदाम मे उतर रहे थें। जिसकी सूचना लोगो द्वारा सलेहा पुलिस को दी। पुलिस ने संबंधित मामले की जांच पडताल की जिसमें ट्रको के नम्बर तथा बिलटी अलग अलग पाये जाने पर कृषी विभाग के एसडीईओ गुनौर को सूचित किया। गुनौर एसडीईओ राजबहादुर पटेल सलेहा पंहुचे तथा उन्होने संबंधित मामले में जांच पडताल करते हुए मामले मे गोल मोल कर दिया तथा दोनो ट्रक डीएपी खाद सहित व्यापारी वीरेन्द्र जैन के गोदाम में खाली कर दिये गयें। बताया जाता है कि उक्त ट्रको मे लगभग 1 हजार बोरी डीएपी खाद लदी हुई थी। आगे देखना है कृषी विभाग के अधिकारी द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है।

### इनका कहना है

*संबंधित मामले में कोई गड़बड़ी नहीं हुई, उक्त खाद सलेहा के व्यापारी वीरेन्द्र जैन की है हमारे द्वारा संबंधित के दस्तावेज चे किये गये है।*

**राज बहादुर पटेल एसडीईओ**
**कृषी विभाग गुनौर जिला पन्ना**

## वरिष्ठ साहित्यकार शंभूदयाल खरे का दुखन निधन

**पन्ना।** पन्ना जिले के वरिष्ट साहित्यकार आगरा मोहल्ला निवासी शंभुदयाल खरे उम्र 80 वर्ष का गत दिवस दुखद निधन हो गया है। श्री खरे नगर पालिका में पदस्थ ओम प्रकाश खरें के चाचा है, इनके निधन पर जिले के साहित्यकारों ने गहन दुख व्यक्त करते हुए शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है। दुख व्यक्त करने वालो मे साहित्यकार एस कुमार चनपुरिया, जगदीश प्रबोध, सुरेश सौरभ, शुसील वैभव, लक्ष्मी नारायण चिरोलया सहित नगर के गणमान्य नागरिको, पत्रकारो, समाजसेवीयों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## यातायात पुलिस द्वारा चलाया चेकिंग अभियान, बिना परमिट के बस को किया बरामद

### रेत से भरे आधा दर्जन ट्रैक्टर पकड़ें, ओवर लोड आटो चालक पर किया पांच हजार का जुर्माना



**पन्ना।** पन्ना जिले में मनमाने ढंग से वाहनों का संचालन किया जा रहा है, प्रतिदिन सड़क पर चलने वाली अनेक बसे बिना परमिट फिटनेस के दौड़ रहीं है। कभी कभार परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभीयान चलाया जाता है। जिसमें अनेक बसें बिना फिटनेस परमिट की पाई जाती है उसके बावजूद कड़ी कार्यवाही न होने के चलतें आये दिन इस प्रकार के मामले सामने आते है। जबकी संबंधित विभागों को सघन अभियान चलाकर इस प्रकार के नियत विरूद्ध वाहन चलाने वाले मालिको के खिलाफ कठोर कार्यवाही करना चाहीए। सिर्फ जुर्माना एवं हिदायद देने का कोई औचित्य नहीं है। इसी प्रकार ई रिक्शा तथा आटो में ठूंस ठूंस कर बच्चे विद्यालयों को भेजे जाते है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यातायात पुलिस ने एक आटो में छमता से अधिक स्कूली छात्र भरें होने को लेकर पांच हजार का जुर्माना किया है तथा रेत से भरे पांच ट्रैक्टरो को पकड़कर खनिज विभाग के हवाले कर दिया गया है। उक्त कार्यवाही यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार द्वारा की गई है। कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक महेश तिवारी, प्रधान आरक्षक सुनील पान्डेय, कमलेश सिंह, उमा सहित अन्य स्टाप शामिल रहा।

# सलेहा थाना पुलिस नें भैंसो से भरे पिकअप वाहन को पकड़ा



**पन्ना।** सलेहा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्रूरता पूर्वक 8 भैंसों से ठूंस-ठूंस कर भरे पिकअप वाहन को जप्त कर 3 आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की है। प्रकरण के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सलेहा थाना प्रभारी उप निरीक्षक अनिल सिंह राजपूत को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ पशु तस्कर अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक पिकअप वाहन में भैंसों को ठूंस-ठूंस कर परिवहन कर रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके के लिए रवाना की गई जैसे ही पुलिस टीम मुखबिर के बताएं स्थान की ओर रवाना हुई मगरेला मोड़ पहुंचते ही छपरवारा तरफ से एक सफेद पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 35 जीए 1169 आता दिखाई दिया जिसे रोक कर चेक करने पर वाहन में निर्दयतापूर्वक 8 भैंसों से ठूंस-ठूंस कर भरी हुई थी पिकअप का चालक एवं दो अन्य व्यक्ति मौके से भागने लगे जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया, पूछ-ताछ में तीनों ने अपना नाम जाविद खान पिता शाकिर खान उम्र 27 वर्ष निवासी तुलापुर थाना धरमपुर, साकिब खान पिता शाकिर खान उम्र 23 साल निवासी तुलापुर थाना धरमपुर एवं चंद्रपाल पिता रामसुख सिंगरौली उम्र 26 साल निवासी ग्राम हरीरा थाना सलेहा बताया, पशुओं के संबंध में दस्तावेज पूछने पर कोई दस्तावेज नहीं होने पर सलेहा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटरयान अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में ए एस आई मानसिंह, अवनीश गौतम चालक आरक्षक पुष्पेंद्र रविंद्र पांडेय आदि शामिल रहें।

## दो दिसंबर से श्री राम जानकी मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का होगा आयोजन

**पन्ना।** पन्ना जिले के अमानगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम चिकलहाई में स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दिनांक 2 दिसंबर से होने जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक शिक्षक अनिल त्रिपाठी ने बताया कि यह भागवत कथा उनके माता-पिता के चारों धाम तीर्थ यात्रा संपन्न होने के तारतम में आयोजित की गई है। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन पंडित श्री अभिषेक व्यास जी के मुखारविंद से किया जाएगा। उक्त भागवत कथा का नौ दिसम्बर को समापन होगा एवं भंडारा तथा प्रसाद वितरण किया जायेगा। आयोजक द्वारा समस्तजनो से धार्मिक कथा को श्रवण कर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## अजयगढ़ तहसील में खाद की भारी किल्लत

### दो दिन से लाईन मे लगें किसान, नहीं मिल रही खाद



**पन्ना।** जहां एक ओर रवी फसल की बोवाई का सही समय है, वहीं दूसरी ओर किसानो को प्रशासन की बड़ी लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है, क्योकि समय से खाद बीज नहीं मिल रहा है, वर्तमान समय में खाद का संकट गहराया हुआ है, अजयगढ़ तहसील अन्तर्गत सैकड़ो गांवो के किसान खाद के लिए गोदामों के चक्कर लगा रहें है तथा दो दो दिन से खाद के लिए लाईन में लगें हुए है। जहां एक ओर प्रशासन द्वारा झूठी बाते की जा रही है कि हमारे द्वारा किसानो को खाद उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन किसानो का कहना है कि डीएपी खाद नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी ओर बाजार में खाद की कालाबाजारी की जा रही है तथा व्यापारी उंचे दामो मे नकली खाद बेंच रहें है, लगातार खाद का संकट गहराया हुआ है, स्थानीय किसानों ने जिला प्रशासन तथा जिम्मेवार जन प्रतिनिधियों से डीएपी खाद की समय से व्यवस्था कराये जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

*सभी किसानो को खाद उपलब्ध कराई जायेगी टोकन बनाकर किसानो को पुलिस तथा राजस्व अमला के माध्यम से खाद का वितरण कराया जा रहा है, भीड़ अधिक होने के चलते थोड़ा परेशानी हो रही है, लेकिन सभी किसानो को खाद मिलेगी।*

**सुरेन्द्र अहिरवार**
**तहसीलदार अजयगढ़**

# अवैध रूप से गांजा की खेती करने वाले आरोपी को पांच वर्ष का कारावास, चालीस हजार रूपये का जुर्माना

**पन्ना।** अवैध गांजा की खेती करने वाले आरोपी को न्यायालय इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट द्वारा पांच वर्ष का कठोर कारावास एवं चालीस हजार रूपये के जुर्माना के सजा से दण्डित किया गया है। उक्त मामले के संबंध में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी ने बताया कि घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 29.09.2020 को थाना सलेहा में थाना प्रभारी सुयश पाण्डेय द्वारा इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई कि दिनांक 29.09.2020 को 05:33 बजे विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम मुटमुरू का महिपाल सिंह यादव पिता हिम्मत सिंह यादव उम्र-40 साल निवासी मुटमुरू का जो कि रिछाई हार में मकान बनाकर परिवार सहित रहता है, अपने घर के पास अपने अभिपत्य की बारी में काफी मात्रा में गांजा के पेड उगाये हुए है जिसे रोजनामचा सांन्हा क्रमांक 45 पर दर्ज कर मुखबिर की सूचना का पंचनामा तैयार किया गया तथा आरोपी महिपाल यादव के खेत से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त संपूर्ण समरस मादक पदार्थ का साक्षीगणों के समक्ष तौल कराई जाकर तोल पंचनामा तैयार किया गया जो संपूर्ण मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 51 किलो 700 ग्राम पाया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही उपरांत थाना सलेहा में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध अंतर्गत धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबद्ध किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत अभियुक्त महिपाल सिंह के विरूद्ध अभियोग पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए सुनील कुमार द्विवेदी अपर जिला लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के द्वारा आरोपी महिपाल सिंह यादव को धारा-8/20(क)(ए) एनडीपीएस एक्ट में 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं 40,000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## घरेलू कलह को लेकर सास, ससुर और पति ने बहू को पीटा, मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस थाना अमानगंज से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पुरैना निवासी प्रभा द्विवेदी पति सुधीर द्विवेदी उम्र 27 वर्ष ने अमानगंज पुलिस थाना उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराते हुई बताया कि मेरी सास, ससुर और पति छोटी-छोटी बातों को लेकर मुझसे झगड़ा करते हैं। आज उन्होंने मेरे साथ मारपीट की फरियादिया की सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी सास द्रौपदी बाई,ससुर कमल किशोर,पति सुधीर दुबे के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया।

# कलेक्टर के आदेश के बावजूद ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर नही लग रहा प्रतिबंध

### जिला मुख्यालय से लेकर पूरे जिले में तेज गति से बज रहे डीजे तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र



**पन्ना।** जिला कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा ध्वनिय विस्तार यंत्रो पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है तथा बकायदा पूरे जिले में एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारियों को कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है है। उसके बावजूद ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर प्रतिबंध नहीं लग रहा है, अजयगढ तहसील मुख्यालय में लगातार तेज गति से ध्वनि विस्तारक यंत्र बताये जा रहें है तथा लोगो का जीवन तेज गति से बजने वाले ध्वनि विस्तार यंत्रो से अस्त व्यस्त हो गया है। वर्तमान समय में शादी विवाह का समय चल रहा है जिसमे डीजे नगर के गाली मोहल्ले मे बजाये जा रहे है परन्तु अजयगढ नगर मे कुछ अलग तरीके से डीजे तेज आवाज मे बाजाये जा रहे तथा जहा पर शादी विवाह होना चाहिए वहा तो बजा रहे परन्तु बिना किसी कार्य के भी सडको पर डीजे को तेज आवाज से बजाया जा रहा है जिसमे बुर्जगो एंव बीमार लोग भारी परेशान रहते है, क्योकि तेज गति से बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रो से लोगो का बीपी एवं अन्य प्रकार की बीमारीयों से पीड़ितो का स्वास्थ खराब हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ छात्र छात्राओं की पड़ाई में भी बाधा उत्पन्न हो रहा है। स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर सुरेश कुमार से जारी किये गये अपने आदेश का पालन कराने की मांग की है।

## आदिवासी महिला सरपंच नें दबंगो द्वारा परेशान करने के लगाये आरोप

**पन्ना।** पन्ना जिले की अजयगढ़ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवगांव की सरपंच पुष्पा देवी कांदर द्वारा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय को आवेदन देते हुए ग्राम पंचायत के विकास में बाधा उत्पन्न करने तथा अनावश्यक रूप से परेशान करने वाले दबंग लोगो के खिलाफ कार्यवाही करने का आवेदन दिया है। उक्त आवेदन में महिला सरपंच ने उल्लेख किया कि मेरे द्वारा लगातार ग्राम पंचायत का विकास शासन की योजनाओ के द्वारा विकास किया जा रहा है।

## वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार की उदारता, सुरक्षा श्रमिक को दी पचास हजार की व्यक्तिगत सहायता राशि



**पन्ना।** उत्तर वन मंडल में पदस्थ वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार उदार तथा अच्छे इंसान है, उनके द्वारा विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों का हर संभव सहयोग किया जाता है। इसी प्रकार का मामला सामने आया है, जिसमें उन्होने एक सुरक्षा श्रमिक को पचास हजार की व्यक्तिगत नगद सहायता राशि देकर उदारता का परिचय दिया है। इससे उनकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी भूरी भूरी प्रशंसा कर रहें है। उक्त संबंध में मप्र कर्मचारी कांग्रेस संगठन के जिलाध्यक्ष पन्ना एस. पी.राय द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि वन परिक्षेत्र देवेन्द्रनगर में बीट उमरझाला अंतर्गत वन सुरक्षा श्रमिक गणेश तिवारी निवासी ग्राम मकरी विगत आठ माह से किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित था और ईलाज में काफी राशि खर्च हो चुकी थी उनकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नही थी जैसे ही यह जानकारी कर्मचारी कांग्रेस संगठन के जिलाध्यक्ष पन्ना एस. पी. राय को प्राप्त हुई तो उनके द्वारा तत्काल उनके घर जाकर उनका हालचाल पूंछा एवं वनमंडलाधिकारी उत्तर पन्ना गर्वित गंगवार से मुलाकात की गई तथा मामले से अवगत कराया था। जानकारी मिलते ही वनमंडलाधिकारी श्री गंगवार नें तत्काल उक्त सुरक्षि श्रमिक के परिवार को व्यक्तिगत रूप से पचास हाजर रूपये की राशि दी गई। उक्त सहायता को लेकर विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों ने वनमंडलाधिकारी द्वारा किये गये सरहानीय कार्य की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### पवई पुलिस ने बकरी चोरी का किया पर्दाफाश

# बकरी पालक को बंधक बनाकर देते थे घटना को अंजाम

**पवई।** विगत कुछ दिनों से लगातार पुलिस अधीक्षक पन्ना को जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात आरोपियों द्वारा बकरी पालकों को बंधक बनाकर उनकी बकरी लूटने चोरी करने संबंधी घटनाओं के घटित होने की जानकारी मिल रही थी।

उक्त घटनाओं को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा गंभीरता से लेते हुए पवई अनुभाग एवं पुलिस साइबर सेल टीम पन्ना की दो संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया। मामले में गठित पुलिस टीमों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन अनुसार लगातार अज्ञात आरोपियों की तलाश के प्रयास किए गए पुलिस टीमों द्वारा जंगल, हार ,घर जहां से बकरियां चोरी की गई थी,उसके आसपास रहने वाले लोगों से बकरी चोरी करने वाले संदेहों के हुलिया के संबंध में जानकारी हेतु पूछताछ की गई साथ ही घटना स्थलों के आसपास के रास्तों की जानकारी देकर उक्त रास्तों में आने वाले गांव के लोगों से घटना के समय किसी समृद्ध व्यक्तियों को देखे जाने संबंधी सूचनाओं की जानकारी एकत्रित की गई पुलिस टीमों द्वारा घटना घटित होने वाले स्थान विशेष का जंगल में लगातार आरोपियों की तलाश की गई,साथ ही पुलिस टीमों द्वारा लूट/चोरी हुई बकरियों के परिवहन में उपयोग होने वाले वाहनों को जानकारी हेतु नजदीकी सड़क एवं उक्त रूप में लगे टोल नाकों से सीसीटीवी फुटेज खागाली गई मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, पुलिस साइबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर घटित पुलिस टीमों द्वारा घटना घटित स्थानों में कटनी जिले के कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगल एवं वाकल थाना क्षेत्र जंगल में अलग-अलग दो दिनों से कुल 10 संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया पुलिस टीमों द्वारा अभिरक्षा में लिए गए व्यक्तियों से घटना के संबंध में पूछताछ किए जाने पर संदेह द्वारा पन्ना जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराध कार्य किया जाना स्वीकार किया गया। इसके साथ ही दो कार, एक पिकअप वाहन कुल 38 लाख 71 हजार रुपए की मशरूका को जप्त किया। इस कार्यवाही में रहा सराहनीय योगदान सौरभ रत्नाकर पवई के मार्गदर्शन में तिर्वेंद्र त्रिवेदी थाना प्रभारी पवई मनोज यादव थाना प्रभारी रायपुर उप निरीक्षक अनिल राजपूत प्रभारी साइबर सेल उप निरीक्षक अवधेश दुबे सब अपने निरीक्षक राघवेंद्र प्रधान यशवंत सिंह विजयगढ़ प्रमोद बागड़ी रंजीत गुर्जर प्रधान रक्षक गणेश जी मनोज त्रिपाठी नीरज लखन लाल प्यासी ईद मुबारक दिनेश यादव राहुल अहिरवार आलोक अतुल प्रेम नारायण मनोज अहिरवार महेश चौहान राकेश दुबे एवं पुलिस साइबर सेल प्रधान आरक्षण राहुल सिंह बघेल आशीष अवस्थी धर्मेंद्र सिंह राजावत और राहुल पांडे एवं नितिन नवराज का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, रविवार 01 दिसम्बर 2024




उप मुख्यमंत्री ने बांधव पब्लिक स्कूल के संस्थापक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इतने सारे विद्यार्थी देख कर लग रहा है कि आपने जो स्कूल शुरू किया उसके प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है।



## लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के विशेष प्रयास करें : कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने राजस्व कार्यों तथा विकास कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलो में राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। संभाग के सभी जिलों की प्रगति संतोषजनक नहीं है। नामांतरण, बटवारा, सीमांकन और अभिलेख में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। सभी राजस्व अधिकारी लंबित प्रकरणों के निराकरण के विशेष प्रयास करें। राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्यों पर विशेष ध्यान दें। कानून और व्यवस्था की निगरानी, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विकास कार्यों की निगरानी पर ध्यान दें। दोनों राजस्व महाअभियान में पूरे संभाग में बहुत अच्छा कार्य हुआ था। तीसरे अभियान में भी प्रकरणों का निराकरण करके संभाग की रैंकिंग में सुधार करें। भू अर्जन से जुड़े जो प्रकरण कमिश्नर न्यायालय से कलेक्टर न्यायालय में भेजे गए हैं। इनकी भी नियमित सुनवाई करके निराकरण करें। कमिश्नर ने कहा कि अविवादित सीमांकन तथा बंटवारे के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। नक्शा तरमीम के लिए भी विशेष अभियान चलाएं। नक्शा तरमीम न होने पर भी भूमि विवाद लगातार बने रहते हैं। कलेक्टर अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों के निराकरण की हर माह समीक्षा करें। सभी दर्ज राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। किसान सम्मान निधि के सभी आवेदनों में शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराएं। वर्षों से लंबित जिन राजस्व प्रकरणों में अभिलेख उपलब्ध नहीं हो रहे हैं अथवा पक्षकार उपस्थित नहीं हो रहे हैं उन्हें वैधानिक प्रक्रिया के तहत निराकृत करें। खनिज राजस्व की लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत पूर्ति करें। खनिज के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। खनिज परिवहन करने वाले वाहनों को जारी ईटीपी की नियमित रूप से जाँच करें। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ावर्ग के सभी पात्र विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के आवेदनों का एक सप्ताह में सत्यापन कराकर छात्रवृत्ति का वितरण कराएं। सभी तरह की छात्रवृत्ति के प्रकरणों का सत्यापन कराके दस दिवस में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान करायें। कमिश्नर ने अधिकारियों को स्वामित्व योजना, भूअर्जन के प्रकरणों के निराकरण, भू-राजस्व की वसूली, खाद्यान्न वितरण, नल जल योजनाओं की प्रगति तथा राजस्व प्रकरणों के संबंध में निर्देश दिये। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में दस सबसे कम प्रगति वाले पीठासीन अधिकारियों की वेतनवृद्धि रोकी जायेगी। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से स्वीकृत आवासों को पूर्ण कराकर सराहनीय कार्य किया गया है। शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना में भी सभी जिलों में अच्छा कार्य हुआ है। संभाग में स्वीकृत 402 गौशालाओं में से 362 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इनमें गौवंश रखकर उसके पेयजल, चारा-भूसा उचित व्यवस्था कराएं। बैठक में जनमन योजना, आयुष्मान योजना, बिजली की आपूर्ति तथा भू अर्जन प्रकरणों की समीक्षा की गई। कमिश्नर ने कहा कि सभी ग्रामों में आगामी जनवरी माह तक मुक्तिधाम का निर्माण अनिवार्य रूप से करायें। बैठक में कलेक्टर रीवा डाफ. सौरभ सोनवणे, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, अपर कमिश्नर अरूण परमार, सीईओ जिला पंचायत रीवा श्रीमती सपना त्रिपाठी, सीईओ सतना संजना जैन, सीईओ सिंगरौली गजेन्द्र सिंह नागेश तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने 425 लाख के निर्माण कार्य का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्राम दुआरी में आयोजित समारोह में 425 लाख रूपये के निर्माण कार्य का लोकार्पण तथा भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार प्रयास कर रही है। जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में नल से स्वच्छ और मीठा पानी पहुचाया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में गांव-गांव में पक्की सड़कों का जाल बिछा है। जिले में फोरलेन हाइवे, रेलवे लाइन के विस्तार सहित हाल ही में रीवा एयरपोर्ट की भी सौगात मिली है। रीवा जिला तेजी से विकास कर रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के हित में केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं, जिससे देश प्रदेश और हमारा रीवा विकास पथ पर आगे बढ़ता जा रहा है। लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना ने प्रदेश की बहनों को संबल प्रदान किया है, अब वो सम्मान के साथ जीवन यापन कर रही हैं। अब यहां हर कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन के साथ होती है, जहां नारी की पूजा होगी वहां देवताओं का वास होगा और जहां देवता वास करेंगे वहां गरीबी और बेरोजगारी नहीं रहेगी। हमारी सरकार जन कल्याण के लिए एक मिशन रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा जीतने के बाद हमें चैन से सोने का अधिकार नहीं है, आपके भरोसे के रूप में दिए गए वोट की कीमत चुकाने के लिए हमारी सरकार दिन रात एक कर रही है और शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, गरीबी दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत है। जनता की तकलीफों को दूर करने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने रोड की मरम्मत कराने सहित क्षेत्र के अन्य शेष आवश्यक कार्यों को पूरा करने निर्देश दिए।

समारोह में उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत दुआरी में विधायक निधि, जिला खनिज मद से स्वीकृति चार सीसी रोड निर्माण का लोकार्पण किया।

## महिला अपराधों को रोकने के लिए बेटा-बेटी के बीच के भेद को मिटाना होगा: आशीष



**रीवा।** रीवा शासकीय ठाकुर रणमत सिंह कॉलेज के इंग्लिश विभाग में श्रीमती शालिनी द्विवेदी, विभागाध्यक्ष इंग्लिश डिपार्मेंट की गरिमामई उपस्थिति में शुक्रवार को हम होंगे कामयाब अभियान में महिलाओं के साथ जेंडर आधारित हो रही हिंसा के प्रति जागरूकता के लिए कार्यशाला आयोजित की- इस दौरान जिला विधिक सेवा अधिकारी अभय मिश्रा ने महिलाओं व बालिकाओं को जेंडर आधारित भेदभाव को मिटाने को जागरूक होना होगा। मानसिक व शारीरिक शोषण, हिंसा रोकने के लिए बेटे-बेटी के बीच के भेदभाव को समाप्त करना होगा। वर्तमान समय के सायबर अपराधों के प्रकारों व उनसे बचाव की जानकारी दी। नशा मुक्ति अभियान में नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। वहीं श्री आशीष द्विवेदी सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास ने महिलाओं, छात्राओं को सरकारी योजनओं, गुड टच बैड टच, भ्रूण हत्या, लिंगानुपात, महिला हेल्पलाइन नंबर 181,100, 1090, 1930, 1098 के बारे में बताया। उक्त कार्यक्रम का संचालन महिला एवं बाल विकास की स्वाती श्रीवास्तव,एवं आभार क्षितिज तिवारी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ममता नरेन्द्र सिंह,रेखा चतुर्वेदी शिवानी द्विवेदी. सुमित सिंह आदि शामिल रहे।

## 2 दिसंबर को रक्तदान शिविर आयोजन की तैयारी

**रीवा।** आगामी दिनांक 2 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले वृहद रक्तदान शिविर के आयोजन की सतत मॉनिटरिंग डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी अध्यक्ष रेडक्रॉस के निर्देशन में की जा रही है इसी कड़ी में आज दो महाविद्यालयों में रक्तदान जागरूकता की कार्यशाला आयोजित की गई, यूनिक कॉलेज एवं मॉडल साइंस कॉलेज में कार्यशाला की गई एवं छात्रों को रक्तदान के फायदे और इसके महत्व के बारे में बताया गया , कार्यशाला में डॉ विनोद कुमार श्रीवास्तव सचिव रेडक्रॉस, डॉ सुधीर कुमार श्रीवास्तव, डॉ भारती शर्मा एवं श्री अशोक श्रीवास्तव की टीम द्वारा छात्रों को रक्तदान के संबंध में जागरूक किया साथ ही शिविर के प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता के संबंध में चर्चा की गई ।

## बसामन मामा गौवन्य विहार अभ्यारण्य में गायों के लिए नये शेड का निर्माण तत्काल शुरू करें : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में सुविधाऐं बेहतर करने के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 8 से 10 हजार गाय पहले से मौजूद हैं, उन्हें ठंड, धूप और बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था पहले से है। अभ्यारण्य में अब लगभग 2 हजार गाय अतिरिक्त गौवंश आ गया है इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए जन भागीदारी द्वारा अतिरिक्त शेड निर्माण तत्काल शुरू करायें। श्री शुक्ल ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौमाता की देख - रेख के लिए 85 गौसेवक कार्य कर रहे हैं, इनका पारिश्रमिक गौशाला की जमा राशि से आने वाले ब्याज की राशि से किया जाता है, ये गौसेवक पूरी निष्ठा से अपना कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता की संख्या में इजाफा होने के कारण इन्हें ठंड में खुले में रात गुजारनी पड़ रही है, इन गायों को छांव की सुविधा और सुरक्षा मिले इसके लिए परिसर में निर्मित सात मीटर चौड़ी सड़क के किनारे - किनारे 4 से 5 नवीन शेड निर्माण कराना अनिवार्य है, इस कार्य को शीघ्र करायें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले भर से गौवंश बसामन मामा गौअभ्यारण्य भेजा जा रहा है। गायों की संख्या के अनुसार वहां समुचित व्यवस्था करायें। उप संचालक पशुपालन बीमार गायों के उपचार के लिए पशु चिकित्सक तैनात करें। गायों के गोबर से जैविक खाद एवं गोबर गैस संयंत्र लगाने का कार्य भी तेजी से करें। उप मुख्यमंत्री ने गौअभ्यारण्य में चारे और भूसे की व्यवस्था, बाउंड्रीबाल बनाने, पानी की व्यवस्था तथा गौसेवकों की सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवड़े, एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी, अन्य संबंधित अधिकारीगण तथा अल्ट्राटेक, व्हीटीएल अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बांधव पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संस्थापक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इतने सारे विद्यार्थी देख कर लग रहा है कि आपने जो स्कूल शुरू किया उसके प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा दान है। ये स्कूल बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान कर रहा है इस बात की बड़ी खुशी है और इसका भव्य स्वरूप यहां दिखाई पड़ रहा है। रीवा तेजी से आगे बढ़ रहा है, रीवा के नागरिकों की जरूरत के अनुसार यहां अच्छे स्कूल और अच्छे अस्पताल खुल रहे हैं, सरकारी स्कूल और अस्पताल के साथ निजी स्कूल और अस्पताल खुलेंगे और साथ साथ काम करेंगे तो हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति अच्छे से हो सकेगी। श्री शुक्ल ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में सभी कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। शिक्षा एवं स्वास्थ्य की गुणवत्ता से उन्नति के शिखर को छुआ जा सकता है।

## राजस्व और पुलिस अधिकारी कानून व्यवस्था की सतत निगरानी करें : कमिश्नर

### संवेदनशील मुद्दों पर संबंधित पक्षों से सतत संवाद रखें : आईजी

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कानून और व्यवस्था की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्र का दौरा करें। कानून और व्यवस्था की सतत निगरानी करें। संभाग में किसी भी स्थान में साम्प्रदायिक विवाद की स्थिति नहीं है। सभी समुदाय के लोग परंपरागत रूप से सदभाव के साथ रहते हैं। जमीन अथवा अन्य सम्पत्तियों के विवाद को कई बार सामुदायिक विवाद में बदलने का प्रयास किया जाता है। इन पर कड़ी कार्यवाही करें। जिला स्तर पर शांति समिति की नियमित बैठक आयोजित कर कानून और व्यवस्था से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करें। विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के सहयोग से कानून व्यवस्था को बनाए रखने के प्रयास करें। जिन स्थानों में पहले किसी वजह से विवाद हुआ है उन स्थानों में त्यौहारों के दौरान कड़ी निगरानी रखें। मऊगंज जिले के देवरा महादेवन में न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में आई.जी. एमएस सिकरवार ने कहा कि विभिन्न धर्मों से जुड़े जुलूसों को परंपरागत मार्गों से ही निकलने की अनुमति दें। विवादित स्थलों में सतत निगरानी रखें। जिन स्थानों में किसी भी कारण से दो समुदायों में विवाद उत्पन्न हुए हैं वहाँ कड़ी निगरानी रखें। संवेदनशील मुद्दों पर सभी संबंधित पक्षों से सतत संवाद बनाए रखें। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी रणनीति के अनुसार कार्यवाही करें।

## राजीनामा से बरी होने वाले आरोपियों के प्रकरणों का विवरण दें

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित संभागीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों को पूरी संवेदनशीलता के साथ लागू करें। अत्याचार से पीड़ितों को राहत देने के साथ-साथ आरोपियों को सजा दिलाने के भी प्रयास करें। प्रकरणों की सुनवाई में आने वाले पीड़ितों तथा गवाहों को विशेष लोक अभियोजक उचित मार्गदर्शन और सलाह दें। जिससे वे न्यायालय में अपना पक्ष मजबूती से प्रस्तुत कर सकें। आगामी बैठक में राजीनामा से बरी होने वाले आरोपियों के प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि राहत राशि वितरण के लिए प्राप्त राशि का तत्काल वितरण करायें। रीवा और मऊगंज जिले के लिए भी आवंटन प्राप्त हो गया है।

## रीवा में 2 दिसंबर को आयोजित होगा वृहद रक्तदान शिविर

**रीवा।** आगामी 2 दिसंबर को कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने आमजनता से शिविर में स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की है। डॉ. सोनवणे ने कहा है कि 18 से 50 वर्ष की आयु के सभी व्यक्ति प्रत्येक 3 माह में रक्तदान कर सकते हैं। आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी व्यक्ति के प्राण बचाने के काम आयेगा। हर व्यक्ति स्वयं रक्तदान करके शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही अन्य लोगों के लिये प्रेरित करें। रक्तदान करने से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है। रक्तदान शिविर के लिये सामाजिक संगठन तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी निभायें।

## संजय गांधी हॉस्पिटल में इमरजेंसी मेडिसीन कैम्पस बनायें : उप मुख्यमंत्री

### उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाऐं बेहतर करने के दिये निर्देश



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संजय गांधी हास्टिपटल रीवा में भोपाल के हमीदिया हास्पिटल की तरह इमरजेंसी मेडिसीन कैम्पस बनायें जिसमें रोगियों को सभी आवश्यक सुविधाऐं और उपचार सुविधा उपलब्ध हो सके। जिले में इस वर्ष कई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये गये हैं। इनमें चिन्हित गंभीर रोगियों के उपचार का मेडिकल कालेज और संजय गांधी हास्पिटल की टीम लगातार फालोअप करे प्रत्येक रोगी को समुचित उपचार की सुविधा दें। इन शिविरों के माध्यम से हजारों रोगियों को लाभांवित किया गया था। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल ने बहुत कम समय में गंभीर रोगियों के उपचार में अपना नाम स्थापित कर लिया है। ह्रदय रोगियों के उपचार के लिए यहां शीघ्र ही नई लीनेक मशीन उपलब्ध करायी जा रही है। इस अस्पताल के 400 विस्तर में विस्तार किये जा रहे निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करायें। कैंसर के उपचार के लिए भी आधुनिक मशीन मगायी जा रही है। कैंसर यूनिट का निर्माण कार्य पूरा होते ही नवीन मशीन स्थापित कर दी जायेगी। डॉक्टरों तथा चिकित्सा कर्मियों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्रक्रिया जारी है। भर्ती प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता हो जायेगी। उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय के नवीन ओपीडी भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये। बैठक में संचालक चिकित्सा सेवा डॉ. अरूण श्रीवास्तव, मेडिकल कालेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल, संजय गांधी हास्पिटल के अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा एवं अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते हैं

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833